www.navpradesh.com
रायपुर, गुरुवार 11 नवंबर 2021, कृष्ण पक्ष सप्तमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-266 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए
रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

सीएम भूपेश ने दिए संकेत- झीरम मामले में नए आयोग का हो सकता है गठन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में इन दिनों झीरम कांड रिपोर्ट का मामला गरमाया हुआ है। इस मामले को लेकर राजनितिक पार्टी एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी लगातार झीरम मामले को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर करते नजर आ रहे हैं। सीएम बघेल ने बुधवार को कहा कि आयोग का कार्यकाल पूरा हो चुका था लेकिन रिपोर्ट अब भी अधूरी है। निश्चित तौर पर उस पर विचार करके निर्णय लिया जाएगा। बहुत जल्दी इस मामले पर फैसला हो जाएगा।

नए सिरे से जांच के आसार

झीरम घाटी मामले में राज्य सरकार नए सिरे से जांच आयोग का गठन किए जाने की कवायद में जुट गई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस बात के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्यपाल को सौंपी गई रिपोर्ट आधी अधूरी है। आयोग ने रिपोर्ट सौंपे जाने के पहले कार्यकाल बढ़ाए जाने को लेकर पत्र लिखा था। सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि नए आयोग के गठन को लेकर विचार किया जा रहा है, इसपर जल्द फैसला लिया जाएगा। सीएम बघेल ने आयोग द्वारा जांच रिपोर्ट सीधे राज्यपाल को सौंपे जाने पर आपत्ति जताई है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एडवोकेट जनरल ने सौंपा अभिमत

राज्य सरकार ने प्रशांत मिश्रा आयोग की ओर से सीधे राज्यपाल को जांच रिपोर्ट सौंपे जाने के मामले में विधिक अभिमत मांगा था। जिसके बाद एडवोकेट जनरल सतीश चंद्र वर्मा ने राज्य सरकार को बंद लिफाफे में अपना अभिमत सौंप दिया है। एडवोकेट जनरल की माने तो शासकीय कार्य में अवैधानिकता नहीं होनी चाहिए। आयोग का गठन राज्य मंत्री परिषद ने किया, तो रिपोर्ट भी राज्य सरकार को ही सौंपी जानी चाहिए।

राजभवन में कांग्रेस विधि विभाग ने लगाई आरटीआई

पीसीसी विधि विभाग के पूर्व अध्यक्ष और अधिवक्ता संदीप दुबे ने आरटीआई के जरिए राजभवन से झीरम घाटी न्यायिक जांच आयोग द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट पर की गई कार्रवाई की जानकारी मांगी है। अधिवक्ता संदीप दुबे ने राजभवन से सूचना के अधिकार के तहत जांच आयोग की रिपोर्ट को लेकर प्रक्रिया की दस्तावेज, नोटशीट आर्डर शीट की प्रतियां प्रदान करने का आग्रह किया है। इसके साथ पत्र में लिखा है कि विभिन्न समाचार पत्रों व चैनलों के माध्यम से जानकारी मिली है कि जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा झीरम घाटी जांच आयोग ने अपनी जांच रिपोर्ट सौंपी है। सवैधानिक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

महाराष्ट्र में इन दिनों बड़बोले मंत्री नवाब मलिक और पूर्व मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस के बीच मजेदार अंताक्षरी चल रही है। नवाब मलिक गा रहे है कि- राज की बात कह दूं तो महफिल में न जाने क्या हो... जवाब में देवेन्द्र फड़नवीस गा रहे है- आ देखे जरा किसमे कितना है दम....। नवाब मलिक तान छेड़ रहे है- सौ इल्जाम लगाए वो मेरे नाम लगाए कहिए कुछ और कि चोरों को सारे नजर आते है चोर...। जवाब में देवेन्द्र फड़नवीस यह डायलॉग मार रहे है- जिनके अपने घर शीशे के बने हो वो दूसरों पर पत्थर नहीं मारते नवाब सेठ।

सूर्योदय

उदय : 6:13 प्रात:

अस्त : 5:11 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,905,754,936

भारत: 1,398,759,152

बाजार

सेंसेक्स : 60,352.82

निफ्टी: 18,017.20

गोल्ड : 48,450 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 64,700 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 4.75 प्रति नग

— दिवस —

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस: राष्ट्रीय शिक्षा दिवस प्रतिवर्ष 11 नवबंर को मनाया जाता है। पूरे भारतवर्ष में बडे ही उल्लास के साथ मनाया जाऐगा। यह दिवस स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद के जन?म दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिनका जन्म 11 नवबंर 1888 में हुआ था। जिनका शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

8 देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक में एलान

आतंकवाद का गढ़ नहीं बन पाएगा अफगान

■ मीटिंग में कुंदुज़, कंधार एवं काबुल पर आतंकवादी हमलों की भर्त्सना

चीन और पाकिस्तान नहीं हुआ शामिल

नई दिल्ली। दिल्ली में 8 देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की मीटिंग में अफगानिस्तान के हालात को लेकर बात हुई है। इस मीटिंग में यह तय करने पर जोर दिया गया है कि अफगानिस्तान कट्टरपंथ, उग्रवाद से मुक्त रहे एवं कभी वैश्विक आतंकवाद का स्रोत नहीं बन पाए। इसके अलावा अफगान समाज में सभी वर्गों को भेदभाव रहित एवं एकसमान मानवीय मदद मिलने को लेकर भी सहमति बनी। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की अध्यक्षता में यहां हुई इस बहुपक्षीय बैठक में ईरान, रूस, कज़ाखस्तान, कर्गीज गणराज्य, ताजिकिस्तान, उज़्बेकिस्तान तथा तुर्कमेनिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अथवा सुरक्षा परिषद के सचिवों ने भाग लिया। भारत की पहल में आयोजित इस बैठक में पाकिस्तान और चीन को भी निमंत्रण दिया गया था, लेकिन उन्होंने इसमें भाग नहीं लिया।

इस मीटिंग में दिल्ली घोषणा पत्र जारी किया गया। घोषणापत्र के अनुसार बैठक में अफगानिस्तान, विशेष रूप से वहां की सुरक्षा स्थिति तथा उसके क्षेत्रीय एवं वैश्विक प्रभावों पर चर्चा की गई। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अलगाववाद को खत्म करने के लिए किए जाएंगे प्रयास

सभी पक्षों ने कहा कि यह सुनश्चिति किया जाएगा कि अफगानिस्तान वैश्विक आतंकवाद की सुरक्षित पनाहगाह नहीं बने। उन्होंने कट्टरवाद, उग्रवाद, अलगाववाद एवं तस्करी के खिलाफसामूहिक सहयोग का आह्वान किया। दिल्ली घोषणापत्र के अनुसार अफगानस्तिान में एक वास्तविक रूप से खुली एवं समावेशी सरकार बनाने की जरूरत पर जोर दिया गया, जिसमें अफगानस्तिान के सभी लोगों की इच्छाशक्ति तथा सभी वर्गों एवं जातीय राजनीतिक शक्तियों का प्रतिनिधत्वि हो।

टेरर फंडिंग पर रोक लगाने के लिए भी हुई बात

दिल्ली घोषणापत्र में इस बार पर जोर दिया गया कि अफगानिस्तान की धरती का आतंकवादियों को पनाह एवं प्रशिक्षण देने तथा आतंकवादी गतिविधियों की साजिश रचने एवं धन मुहैया कराने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। घोषणापत्र में सभी पक्षों ने सभी प्रकार के आतंकवाद की कड़ी निंदा की और उससे मुकाबला करने का संकल्प दोहराया। इसमें आतंकवाद के लिए धन मुहैया कराने एवं अन्य ढांचागत सहायता और कट्टरवाद को को समाप्त करना शामिल है।

रायपुर। कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी यानि छठ पूजा, इस दिन का विशेष महत्व होता है। षष्ठी तिथि को शाम के समय सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाता है। इसके बाद अगले दिन सप्तमी को सूर्योदय के समय उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही व्रत का पारण होता है चार दिन के इस महापर्व में में 36 घंटे का निर्जला व्रत बेहद कठिन माना जाता है। ये व्रत संतान प्राप्ति के साथ-साथ परिवार की सुख-समृद्धि के लिए भी रखा जाता है।

नक्सलियों ने अंडरकवर सैनिक को टेटम गांव के पास से अगवा कर उतारा मौत के घाट

■ मृतक टेटम पूर्व सरपंच का बेटा उमेश मरकाम

■ बाइक और मोबाइल लापता

दंतेवाड़ा। दंतेवाड़ा जिले के कटेकल्याण ब्लाक के टेटम गांव में पूर्व सरपंच के बेटे को नक्सलियों ने मंगलवार की दरमियानी रात धारदार हथियार से गला रेतकर निर्मम हत्या कर सीएएफकैम्प से 1 किलोमीटर दूर बीच सड़क पर फेंककर इलाके में दहशत फैला दी।

मृतक का नाम उमेश मरकाम है जो कि अंडरकवर सैनिक(गोपनीय सैनिक)के रूप में दंतेवाड़ा पुलिस के लिये काम करता था। दंतेवाड़ा एसपी अभिषेक पल्लव ने घटना की पुष्टी करते हुये बताया कि मृतक गोपनीय सैनिक के रूप में काम करता था। घटना के पीछे कटेकल्याण ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीसीसी कार्यकारणी : मुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद और केंद्र के प्रति निंदा और मांग प्रस्ताव पारित

दुर्ग/नवप्रदेश। पीसीसी कार्यकारणी की विस्तारित बैठक दुर्ग में बुधवार को हुई। यह पहला मौका है जब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने कार्यकारिणी की बैठक राजधानी से बाहर किया है। बैठक में प्रदेश प्रभारी पी.एल. पुनिया, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम, प्रदेश प्रभारी सचिव सप्तगिरि शंकर उल्का, राष्ट्रीय सचिव विकास उपाध्याय उपस्थित रहे।

बैठक में कांग्रेस की सदस्यता अभियान तथा 14 नवम्बर से 29 नवम्बर तक प्रदेश कांग्रेस द्वारा मंहगाई के खिलाफ चलाये जाने वाले जनजागरण पदयात्रा तथा आंदोलन के रूप रेखा पर चर्चा हुई। इस अभियान को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हरी झंडी दिखाएंगे। अभियान का समापन 29 नवंबर को कोंडागांव में होगा।आसन्न नगरीय निकाय चुनावों पर भी चर्चा कर रणनीति बनाया गया।

प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम के द्वारा बैठक में इस वर्ष 105 लाख टन धान की खरीदी का लक्ष्य निर्धारित करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और राज्य सरकार के प्रति धन्यवाद का प्रस्ताव लाया गया। वहीं प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर के द्वारा बढ़ती मंहगाई के विरुद्ध में केंद्र के खिलाफ मांग और निदा का प्रस्ताव लाया गया।

जापान के मंच से दलाई लामा ने चीन को लगाई फटकार, 'जनता पर नियंत्रण से होगा नुकसान'

■ जटिल राजनीति में फंसने की बजाय भारत में ही रहना चाहते : दलाई लामा

टोक्यो/ए.। तिब्बत के निर्वासित आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा ने जापान के मंच से चीन को जमकर सुनाया है। उन्होंने कहा कि चीन के नेता संस्कृति की विविधताओं को नहीं समझते हैं और कड़े सामाजिक नियंत्रण के प्रति सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी का झुकाव नुकसानदेह हो सकता है। दलाई लामा ने बुधवार को यह भी कहा कि वह आधिकारिक रूप से नास्तिक कम्युनिस्ट पार्टी शासित चीन और प्रबल बौद्ध धर्मावलंबी ताइवान के बीच जटिल राजनीति में फंसने की बजाय भारत में ही रहना चाहते हैं, जहां वह 1959 से रह रहे हैं। टोक्यो फॉरेन कॉर्सपोंडेंट्स क्लब की मेजबानी वाले ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में दलाई (85) ने कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मिलने की उनकी कोई खास योजना नहीं है।

इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रपति पद पर तीसरे कार्यकाल के लिए भी रहने की शी की योजना पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। तिब्बती आध्यात्मिक गुरु ने कहा, 'चीनी कम्युनिस्ट नेता संस्कृतियों की विविधताओं को नहीं समझते हैं। असल में अत्यधिक नियंत्रण लोगों को नुकसान पहुंचाएगा।' ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कोहली की बेटी को रेप की धमकी देने वाला अरेस्ट

मुंबई। टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ टीम की हार के बाद एक भारतीय क्रिकेटर की बेटी को ऑनलाइन रेप की धमकी देने के मामले में मुंबई पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने धमकी देने के आरोप में हैदराबाद के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी को वहां से मुंबई लेकर आ रही है। जानकारी के मुताबिक, टी-20 विश्वकप मुकाबले में भारतीय टीम पाकिस्तान के हाथों बुरी तरह हार गई थी। इस पर एक शख्स ने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली और अभिनेत्री अनुष्का शर्मा की बेटी को ऑनलाइन धमकी देने दी थी।

मुंबई पुलिस ने हैदराबाद से दबोचा

अमेरिका ने भी माना पीएम मोदी का विजन बना इंटरनेशनल सोलर अलायंस का हिस्सा

नई दिल्ली (ए.)। पूरी दुनिया में सौर ऊर्जा की कम दरों में उपलब्धता के लिहाज से शुरू किए गए इंटरनेशनल सोलर अलायंस का अमेरिका भी हिस्सा बन गया है। इस अलायंस की शुरुआत पीएम नरेंद्र मोदी और फ्रांस के तत्कालीन राष्ट्रपति फ्रांसिस ओलांद ने 2015 में पैरिस में हुए क्लाइमेट समित में की थी। अब अमेरिका के भी इस संगठन का हिस्सा बनने के बाद कुल सदस्य देशों की संख्या 101 हो गई है। ग्लासगो में क्लाइमेट चेंज पर चर्चा के लिए आयोजित छ्हक्क26 के दौरान बुधवार को अमेरिका ने इस संगठन में शामिल होने का ऐलान किया। इस दौरान अमेरिकी प्रतिनिधि जॉन कैरी और भारत के पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव मौजूद थे।

अमेरिका के इस मुहिम में शामिल होने का स्वागत करते हुए भूपेंद्र यादव ने कहा, 'मुझे खुशी है कि पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से शुरू किए गए विजनरी प्रयोग का अब अमेरिका भी औपचारिक तौर पर हिस्सा बन गया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने 2015 में पेरिस में इसकी शुरुआत की थी। अब इंटरनेशनल सोलर अलायंस के कुल सदस्य देशों की संख्या बढ़ते हुए 101 हो गई है।' उन्होंने कहा कि इससे इंटरनेशनल सोलर अलायंस को दुनिया भर में मजबूती मिलेगी और इस विश्व को वैकल्पिक ऊर्जा की दिशा में बढ़ने में मदद मिलेगी।

बस-ट्रेलर की टक्कर से लगी आग 11 की मौत

बाड़मेर। राजस्थान के बाड़मेर जिले में बाड़मेर-जोधपुर राजमार्ग पर भांडियावास में आज बस और ट्रेलर की टक्कर से दोनों वाहनों में आग लग जाने से 11 लोगों की मौत हो गई जबकि 20 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक दीपक भार्गव के अनुसार दोनों वाहनों में आग लगने से नौ लोगों की बस एवं एक व्यक्ति की ट्रेलर में जलने से मृत्यु हो गई जबकि हादसे में गंभीर रुप से घायल एक व्यक्ति ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। हादसे के घायलों को बालोतरा के नाहटा अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं और उनमें आठ घायलों को जोधपुर भेजा गया है। श्री भार्गव ने बताया कि बस के रवाना होते समय 28 यात्री के टिकट कटे थे और बाद में रास्ते में और भी यात्री बस में सवार हुए होंगे इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं हैं।

गुजरात दंगा — सुप्रीम कोर्ट में गुजरात दंगों को याद कर भावुक हुए सिब्बल, -रुंधे हुए गले में सुनाई बीती याद

बहस में भावुक हुए सिब्बल, बोले-मैं भी उसी नफरत का शिकार

■ बोले- मैं भी उसी नफरत का शिकार

नई दिल्ली (ए.)। गुजरात में 2002 दंगों के मामले में जाकिया जाफरी की याचिका पर बहस करते हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल भावुक हो गए। उनका गला रुंध गया, आंखें भर आईं। उन्होंने 1947 में देश के बंटवारे के समय दंगों का हवाला देते हुए अपना दर्द भी बयां किया। उन्होंने कहा, 'मैंने पाकिस्तान में अपने नाना-नानी को खोया। मैं भी उसी नफरत का शिकार हूं।'

सिब्बल ने आगे कहा कि एनएचआरसी की तरफ से दाखिल याचिका को देखें तो साफहो जाता है कि एसआईटी का मकसद सिर्फ गुलबर्गा ही नहीं था। धार्मिक भावनाएं भड़का कर लोग अपनी सत्ता की फसल के लिए उपजाऊ मिट्टी तैयार करते हैं। धार्मिक भावनाएं भड़काने की ऐसी घटनाएं ज्वालामुखी के लावा की तरह होती है। जहां भी लावा जाता है वहां सब कुछ जल जाता है। ऐसी घटनाएं भविष्य के लिए उन्माद की जमीन तैयार करती हैं।

सिब्बल ने कहा जब इस मामले की शिकायत कोर्ट ने दर्ज की तो इसके बाद कोर्ट ने कहा था कि मामले की जांच करें। आरोपी पर मुकदमा चलाएं या क्लोजर रिपोर्ट दाखिल करें। इसके बाद मामले की जांच सीलबंद रिपोर्ट के जरिए पेश की गई। इस मामले की जांच से जुड़े दस्तावेजों में से 64 बक्सों में बंद 55,000 पन्ने तो किसी भी अदालत में पेश ही नहीं किए गए। सुप्रीम कोर्ट ने भी अपने आदेश में कई दस्तावेज शिकायतकर्ताओं को उपलब्ध कराने को कहा था। लेकिन हमें आज तक वो मिले ही नहीं।

उन्होंने कहा कि साबरमती एक्सप्रेस के गोधरा पहुंचने से पहले ही प्रॉब्लम शुरू होने की खुफिया रिपोर्ट मिली थी। लेकिन उसकी भी जांच नहीं की गई। कई लोगों के भड़काऊ बरताव करने की भूमिका की भी जांच नहीं की गई। शवों के पोस्टमार्टम और अंत्येष्टि की प्रक्रिया भी संदिग्ध थी, क्योंकि कहा गया कि रेलवे प्लेटफार्म पर भी पोस्टमार्टम करने की बातें हुई थीं। जांच की जाती तो और पता चलता। लेकिन जांच ही नहीं हुई।

अहमदाबाद में, 12 बजे रात तक कर्फ्यू घोषित नहीं किया गया था

दंगे भड़कने पर गोधरा में तो तुरंत कर्फ्यू घोषित कर दिया गया था, लेकिन अहमदाबाद में, 12 बजे रात तक कर्फ्यू घोषित नहीं किया गया था। वहां हजारों लोग सुबह 7 बजे तक जमा हो गए थे। कोई भी पुलिस अधिकारी तुरंत कर्फ्यू घोषित कर सकता था, ताकि हिंसा से बचा जा सके। त्रिशूल से लैस कारसेवकों के लौटने और सांप्रदायिक तनाव की उपस्थिति के बारे में राज्य की खुफिया रिपोर्टों को नजरअंदाज कर दिया गया था।

भविष्य की लड़ाईयों के लिए वायु सेना को बढानी होगी क्षमता: राजनाथ

नयी दिल्ली (वार्ता)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भविष्य की लड़ाईयों में वायु सेना की भूमिका को बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए आज कहा कि उसे अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के बल पर अपनी क्षमता को और अधिक बढाने की जरूरत है। श्री सिंह ने बुधवार को यहां वायु सेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए उच्च स्तर की तैयारियों , तुरंत कार्रवाई करने के लिए तैयार रहने की क्षमता तथा अभियानों के दौरान एवं शांतिकाल में अव्वल दर्जे के पेशेवर रूख के साथ काम करने के लिए वायु सेना की सराहना की। रक्षा मंत्री ने सीमाओं पर विस्फोटक स्थिति का उल्लेख करते हुए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

न्यूज गैलरी

कांग्रेस सदस्यता अभियान के लिए विशाल बाइक रैली, भिलाई होटल से सिविक सेंटर तक 2000 लोग बाइक रैली में हुए शामिल

भिलाई (नव प्रदेश)। आज छठ पर्व के अवसर पर प्रदेश के यशष्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भिलाई आने वाले है। इस महापर्व और सीएम के भिलाई आगम को बेहद खास बनाने के लिए भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के नेतृत्व में बाइक रैली निकाली गई। विशाला बाइक रैली कांग्रेस सदस्यता अभियान को और मजबूत करने और कांग्रेस प्रवेश कराने के लिए निकाली गई। भिलाई होटल से सिविक सेंटर तक करीब 2 हजार से अधिक लोग बाइक रैली निकाल कर कांग्रेस की सदस्यता दिलाने के लिए नई आगाज की शुरूआत की गई है। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि हमारे प्रदेश के यशष्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में हमारा छत्तीसगढ़ नीत नए आयाम को छू रहा है। किसानों से लेकर गरीब मजदूर के हित और विकास के लिए नई योजनाएं बनाई जा रही है। सब को राशन, रोजगार और शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा दी जा रही है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने के बाद से प्रदेश में खुशहाली का माहौल है। कांग्रेस सरकार की योजनाओं और नीति रिती से प्रदेश की जनता और भिलाईवासी भी बेहतर प्रभावित है। ऐसे में सैंकड़ों लोग है जो सीएम के सानिध्य में कांग्रेस प्रवेश कर प्रदेश के विकास में सहयोगी और साक्षी बनाना चाहते है। इसके लिए आज विशाल बाइक रैली निकाली गई। बाइक रैली में 2 हजार से अधिक लोग शामिल हुए। जिन्होंने कांग्रेस प्रवेश करने के साथ ही प्रदेश के विकास में अपनी सहभागिता देने के लिए तैयार है। सिविक सेंटर में रैली का समापन किया गया है।

एचआरडी में जवाहर लाल नेहरू समूह पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

भिलाई (नव प्रदेश)। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास विभाग में दिनाँक 9 नवंबर, 2021 को जवाहर लाल नेहरु अवार्ड-2020 वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संयंत्र के ईडी (पी एंड ए), श्री एस के दुबे उपस्थित रहे। उन्होंने पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए और उन्हें भविष्य में और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। इस समारोह में विभाग के श्री आर एन शर्मा (सीनियर इंस्ट्रक्टर), श्री अजय कुमार तिवारी (सीनियर इंस्ट्रक्टर), श्री एम एल वर्मा (सीनियर इंस्ट्रक्टर), श्री के देवराजू (सीनियर इंस्ट्रक्टर), श्री अशोक कुमार रावते (जेएसए), श्री दिनेश चंद्र श्रीवास्तव (जेएसए), श्री श्रवण सिंह पुरोहित (ओसीटी) और मिस सरिता शर्मा (जेएसए) को जवाहर लाल नेहरू पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में महाप्रबंधक (एचआरडी), श्री सौरभ सिन्हा ने प्रतिभागियों का स्वागत कर पुरस्कार विजेताओं के योगदान को रेखांकित किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (कार्मिक-नॉन वर्क्स/माइन्स) श्री एस के सोनी एवं वरिष्ठ अधिकारीगण तथा मानव संसाधन विकास विभाग के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे। प्रबंधक (एचआरडी) सुश्री अवंती वुचुला ने कार्यक्रम का संचालन और महाप्रबंधक (एचआरडी), श्री अमूल्य प्रियदर्शी, ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

मुकुल साहारिया की किताब योर बिलीफइज योर डेस्टिनी का प्रकाशन

भिलाई (नव प्रदेश)। मुकुल साहारिया की पुस्तक योर बिलीफइज योर डेस्टिनी का प्रकाषन हाल ही में नोटियनप्रेस द्वारा किया गया है। यह पुस्तक श्री मुकुल साहारिया की आत्मकथा है, जो सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में मानव संसाधन विकास विभाग में उप महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने इस पुस्तक के माध्यम से अपने बचपन से लेकर अब तक के जीवन यात्रा को वर्णित किया है। जिसमें उन्होंने अपने सैनिक स्कूल में हुए स्कूली शिक्षा तथा असमिया-माध्यम के पृष्ठभूमि के कारण अंग्रेजी भाषा में महारत हासिल करने के उनके संघर्ष को वर्णित करती है। कक्षा 8 में अपने पिता को अंग्रेजी में अपना पहला पत्र लिखने, प्रीफेक्टोरियल बोर्ड के सदस्य बनने, उनकी पहली ट्रेन यात्रा, इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश जैसी उनकी उपलब्धियों का विशद वर्णन किया गया है।

स्मृति नगर में 51.36 लाख की लागत से टेनिस कोर्ट का निर्माण

भिलाईनगर (नव प्रदेश)। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 2 स्मृति नगर के सड़क नंबर 28 एवं 29 के मध्य निर्माणाधीन टेनिस कोर्ट का निरीक्षण आयुक्त प्रकाश सर्वे ने किया। उन्होंने एनआईटी के आधार पर टेनिस कोर्ट को मूर्त रूप देने अधिकारियों को कहा है, आयुक्त ने कहा कि कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। 1620 स्क्वायर मीटर क्षेत्रफल मे टेनिस कोर्ट का निर्माण किया जा रहा है यह दो पार्ट में विभक्त रहेगा तथा इसी परिसर में चेंजिंग रूम भी बनाया गया है जोकि महिला एवं पुरुष दोनों के लिए होगा। स्मृति नगर के निवासियों की मांग पर टेनिस कोर्ट का निर्माण किया जा रहा है, जिसका कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है कुछ कार्य शेष रह गए हैं जिसे पूरा किया जाना है, निगमायुक्त ने बचे हुए कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश नेहरू नगर जोन के अधिकारियों को दिए हैं। खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए टेनिस कोर्ट का निर्माण हो रहा है। इस मैदान का उपयोग अब खिलाड़ी अपनी प्रतिभाओं को निखारने में कर सकेंगे। जिमनास्टिक के कुछ खिलाड़ियों ने बताया कि पहले हमें अन्यत्र स्थानों पर खेलने के लिए जाना पड़ता था परंतु अब स्मृति नगर में खेल की सुविधा मिलने से यहां अच्छे से अभ्यास कर सकेंगे। शहर में बहुत प्रतिभावान खिलाड़ी है, जिन्हें इसका फायदा मिलेगा।

इंद्रिरा मार्केट बाजार क्षेत्र में आम नागरिको को असुविधा नही हुई

दुर्ग (नव प्रदेश)। नगर पालिक निगम शहर के ह्दय स्थल इंदिरा मार्केट बाजार क्षेत्र में दीपावली त्यौहार के अवसर पर नगर पालिक निगम, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन के समन्वय से दीपावली में इंद्रिरा मार्केट क्षेत्र में असुविधा नही हुई साथ ही बेहतर व्यापक इंतजाम होने के कारण किसी भी प्रकार की परेशानी आम नागरिकों को नहीं हुई। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे के आदेशनुसार आयुक्त हरेश मंडावी,एसडीएम विनय पोयाम और सीएसपी जितेंद्र कुमार यादव ने इंद्रिरा मार्केट में उपस्थित रहकर दिन भर बाजार क्षेत्र में व्यवस्था बनाते रहे। इसके पूर्व में थोक बाजार एवं चिल्हर व्यापारी के प्रतिनिधियों की बैठक आहूत कर उनके विचार से अवगत होकर उन्हें होने वाली परेशानी एवं आम जनता की परेशानी की जानकारी प्रशासन द्वारा ली गई। परेशानी से निजात पाने के लिए अस्थाई पार्किंग बनाया गया टी.बी. अस्पताल की रिक्त भूमि, महात्मा गांधी स्कूल परिसर, शनिचरी बाजार रिक्त भूमि एवं पुलिस ग्राउंड की रिक्त भूमि को स्थाई पार्किंग बनाया जाकर वाहनों को रखा गया।जिससे सब्जी व्यापारी, किराना व्यापारी, कपड़ा व्यापारी, मिट्टी के दिया एवं सामान, अनाज व्यापारी एवं मिठाई दुकानदारों को व्यापार करने में कोई परेशानी नहीं हुई।

छठ पर्व पर अवकाश बिहार के बाद केवल छत्तीसगढ़ में

मुख्यमंत्री ने छठ पूजा के अवसर पर भिलाई के नागरिकों को दी शुभकामनाएं

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। छठ पर्व पर अवकाश बिहार के पश्चात केवल छत्तीसगढ़ में दिया गया है। आप सभी की आस्थाओं को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यह संदेश सेक्टर 2 में आयोजित छठ पूजा के कार्यक्रम के अवसर पर दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ पर्व उल्लास का पर्व है। दुनिया भर में भोजपुरी समुदाय जहां पर भी है, सैकड़ों की संख्या में लोग सरोवर के किनारे एकत्रित होकर सूर्य देवता के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हैं। दीपदान करते हैं। सूर्य देवता अक्षय ऊर्जा के स्रोत हैं। छठ पर्व ऊर्जा का प्रतीक है हम ऊर्जस्वित होने की कामना से छठ पर्व करते हैं। मुख्यमंत्री ने इस दौरान नागरिकों से चर्चा में कहा कि छठ पर्व के अवसर पर आप सभी के बीच आकर मैं बहुत हर्ष महसूस कर रहा हूं। आप सभी श्रद्धा से भरे हुए है, सुंदर तालाब के चारों और आप लोग एकत्रित हुए हैं और अपनी श्रद्धा का प्रदर्शन कर रहे हैं। यह सब देख कर बहुत अच्छा लगता है। इस मौके पर विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री ने छठ पूजा के अवसर पर अवकाश देने का जो निर्णय लिया है। उससे हम सब बहुत उल्लासित हैं। पर्व को मनाने की हमारी खुशियां इससे काफी बढ़ गई है। शासन का यह कदम निश्चित रूप से समाज का हर्षवर्धन करने के लिए बहुत अच्छा है। इस मौके पर अंत्यावसाई विकास निगम के उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता लोधी ने भी उपस्थित जनों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि छठ पर्व उल्लास का पर्व है, ऊर्जा का पर्व है। आप सभी के बीच यहां आकर बहुत अच्छा महसूस हो रहा है।

तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए एक करोड़ रुपए देने की घोषणा- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर छठ तालाब के सौंदर्यीकरण और विकास के लिए एक करोड़ रुपए देने की घोषणा भी की। उल्लेखनीय है कि पूर्व में शासन के द्वारा डेढ़ करोड़ रुपए की राशि से छठ तालाब का सौंदर्यीकरण किया गया था। मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के पश्चात छठ तलाब अब और अधिक सुंदर हो जाएगा।

रोका-छेका के तहत अवारा पशुओं की धरपकड़ जारी

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं की धरपकड़ की जा रही है, साथ ही निगम के अमले के द्वारा पशुपालकों को रोका-छेका संकल्प अभियान के तहत समझाईश दी जा रही है कि वे अपने मवेशी के चारा पानी सहित समुचित व्यवस्था स्वयं करें। वैशाली नगर क्षेत्र में निगम की टीम ने 13 गायों को पकड़कर गोठान भेजा। निगम आयुक्त श्री प्रकाश सर्वे ने गोधन को संरक्षित करने रोका-छेका संकल्प अभियान के तहत पशु मालिकों को अपने मवेशी की सुरक्षा स्वयं करने तथा चारा, पानी की समुचित व्यवस्था करने कहा है जिससे अनावश्यक घूमने वाले मवेशियों से दुर्घटना को रोका जा सके। भिलाई निगम के अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने बताया कि सड़कों पर आवारा पशुओं के घूमते हुए पाए जाने पर उनकी धरपकड़ की जा रही है। पकड़े हुए पशुओ को शहरी गोठान में रखा जा रहा है और अर्थदण्ड लेकर लौटाया जा रहा है। सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम ने बताया कि जोन क्रमांक 2 वैशालीनगर क्षेत्रांतर्गत 13 आवारा पशु और दो सांड को पकड़कर काऊकेचर के जरिए गोठान मे भेजा गया। पशुओं को पकड़ने के लिए राजस्व विभाग की टीम आजाद चौक राजीव नगर और आम्बेडकर नगर चौक से मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही किये।

बाल दिवस पर ब्रह्माकुमारी का करेगा विशेष आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेक्टर 7 स्तिथ राजयोग भवन द्वारा बाल दिवस के विशेष अवसर पर डांस, ड्राइंग एंड पोइट्री का विभिन्न कक्षाओं के लिए ई कांटेस्ट का आयोजन किया गया है । डांस ई कॉन्टेस्ट क्लास 2 से क्लास 8 दो ग्रुप में शास्त्रीय एवं लोक (क्लासिकल एंड फॉल्क) प्रेरणादाई गीत या आध्यात्मिक गीत पर डांस का 2 मिनट का वीडियो रहेगा। ड्रॉइंग ई कॉन्टेस्ट में क्लास 2 से क्लास 5 के लिए ÷ मेरे सबसे खुशी के पल÷ विषय पर रहेगा। एवं क्लास 6 से 8 के लिए ÷भारत अगले 50 वर्षों में÷ विषय पर रहेगा जिसे किसी भी पेपर साइज़ में एवं अपनी स्वेच्छा से कलर यूज़ कर सकते हैं।

ई कॉन्टेस्ट पोइट्री क्लास 2 से क्लास 5 तक के बच्चों के लिए परिवार, देश,गुणों का महत्व विषय पर 1 मिनट की समयावधि की कविता होनी चाहिए।

सभी बच्चे अपनी इंट्रीज़ वीडियो को 7067339208 पर वाट्सअप अथवा टेलीग्राम शुक्रवार 12 नवंबर तक अपना नाम,क्लास,स्कूल का नाम फोन नम्बर के साथ भेज सकते है। 14 नवम्बर रविवार को प्रातः 10 बजे पीस ऑडिटोरियम में भव्य कार्यक्रम में विजय प्रतिभागी एवं सभी प्रतिभागियों को भी प्रोत्साहन पुरुस्कार वितरीत किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सभी बच्चे परम्परागत(ट्रेडिशनल) ड्रेस कोड में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य बच्चों में छुपी प्रतिभा,जीवन मे सकारत्मकता के साथ सदा सीखना, उमंग उत्साह ,बड़ो का सम्मान,मेडिटेशन का अभ्यास मुख्य रहेगा।

आवागमन अवरुद्ध कर व्यवसाय करने वाले को निगम ने हटाया

भिलाईनगर (नव प्रदेश)। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत खुर्सीपार क्षेत्र में रोड में आवागमन बाधित करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया। जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा के निर्देश पर राजस्व विभाग व तोड़फोड़ दस्ते ने मिलावट पारा में सड़क किनारे एक व्यक्ति द्वारा अस्थाई रूप से पंचर दुकान का व्यवसाय कर ट्रैफिक को प्रभावित करने के कारण उसे बेदखल किया और निरीक्षण के दौरान अनावश्यक रूप बड़े वाहनों को खड़ा करने वालों को समझाईश देकर हटावाया गया। सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू ने जानकारी देते हुए बताया कि तोड़फोड़ दस्ता व राजस्व विभाग की टीम ने आज खुर्सीपार मुख्य सड़क का निरीक्षण किया और जहां-जहां पर पाथवे किनारे टीनशेड लगाकर या अन्य तरीके से अस्थाई रूप कब्जा किए हुए थे उसे हटाने की कार्यवाही की गई।

घरों तक पानी पहुंचाने फिर जुटे अधिकारी

- **प्रेशर बढ़ाने अब इंड कैप खोलकर की जाएगी सफाई**
- **रिपेयरिंग चार्ज वसूली के लिए निगम लिखेगा कड़ा पत्र**

नव प्रदेश संवाददाता

रिसाली। अमृत मिशन के तहत घरों तक पानी प्रेशर से पहुंचाने भिलाई व रिसाली नगर पालिक निगम के आयुक्त संयुक्त भ्रमण किया। आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे व आशीष देवांगन ने इंड कैप को खोलकर पाइप सफाई के निर्देश दिए है। आयुक्त द्वय ने अमृत मिशन के तहत डुंडेरा व जोरातराई में बिछाए पाइप लाइन के लिकेज को भी जल्द ठीक करने कहा है।

उल्लेखनीय है कि स्टेशन मरोदा के दुर्गा मंदिर व बजरंग पारा के 1500 से अधिक घरों में लो प्रेशर की वजह से पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा है। पूर्व भी इस शिकायत को दूर करने बुस्टर लाइन बिछाने निर्देश दिए थे। इसके बाद भी प्रेशर नहीं बढ़ने पर आयुक्त द्वय ने समस्याओं को ठीक करने वार्ड 17 व वार्ड 18 पहुंचे। इस दौरान समस्याओं को दूर करने इंड कैप को खोलकर सफाई करने निर्देश दिए। अमृत मिशन के तहत कार्य करने वाली एजेंसी के अधिकारी

व भिलाई नगर के कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, रिसाली निगम के सहायक अभियंता राजकुमार जैन, उपअभियंता डिगेश्वरी चंद्राकर व गोपाल सिन्हा आदि उपस्थित थे।

अतिरिक्त पानी देगा भिलाई

बुस्टर लाइन लिकेज और इंड कैप खोलकर सफाई करने रिसाली निगम क्षेत्र को अतिरिक्त पानी की व्यवस्था करनी होगी। इस पर भिलाई निगम के कार्यपालन अभियंता ने शीघ्र पानी उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। पाइप लाइन घरों तक पहुंचाने अमृत मिशन के अधिकारी लापरवाही बरते है। इसे सुधारने तत्कालीन आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने फटकार लगाते घरों में मीटर व टोटी लगाने निर्देश दिए थे। इसके बाद भी कार्य नहीं होने पर निगम आयुक्त द्वय ने तत्काल बजरंग पारा में सड़क पर छोड़े हुए पेयजल पाइप लाइन को घरों तक पहुंचाने निर्देश दिए। सड़क निर्माण में लापरवाही पूर्वक कार्य करने की वजह से मुख्य पाइप लाइन व बुस्टर लाइन कई जगह से क्षतिग्रस्त हुआ है। इसे मरम्मत कराने की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग की है। 20 से अधिक बार पत्र लिखे जाने और जवाब नहीं देने पर निगम अधिकारियों ने कड़ा पत्र लिखने को निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि निगम को विभाग से 4 लाख 65 हजार लेना है।

---

62 वर्षीय बाइकर्स और सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मचारी कहते हैं सबसे प्यारा हिंदुस्तान हमारा

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। अपने देश के लिए प्यार आपको कई जगह भ्रमण करने को प्रोत्साहित कर सकती है। मार्च 2019 में ईडीडी विभाग के सहायक प्रबंधक के पद से सेवानिवृत्त हुए सुरेश राव के लिए लंबी दूरी तय करना, पहाड़ों की ऊँचाई और समुद्रों विषालता तथा मैदानों के विस्तार और समृद्धि भारत की भव्यता को व्यक्तिगत रूप से देखने का जुनून रहा है। 16 साल पुरानी होंडा सीडी डॉन मोटरसाइकिल पर 43 दिनों में 4700 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए श्री सुरेश राव अब भारत

के उत्तरी क्षेत्रों से घूमकर वापस आ गए हैं। कड़क ठंड में और अपने जीजा के साथ अपनी बाइक पर उबड़-खाबड़ पहाड़ी इलाकों में सवारी करते हुए यात्रा करना एक रोमांचभरा अनुभव था। यात्रा करने का जूनून सुरेश राव को बहुत पहले से रहा है। वे अक्टूबर 1986 में साइकिल से दक्षिण भारत की यात्रा पर गए थे। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा प्रायोजित इस साइकिल ट्रिप को तत्कालीन एमडी श्री संगमेश्वरन ने झंडी दिखाकर रवाना किया था। 1984 में राव पर्वतारोहण यात्रा पर गए थे और इसी साल मार्च में, राव दक्षिण की ओर कन्याकुमारी तक मोटरसाइकिल पर अपनी पत्नी को बाइक में पीछे बैठाकर लंबी यात्रा की है।

बीएसपी प्रबंधन के खिलाफ पुलिस ने किया अपराध दर्ज

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। दिनांक 08.11.2011 को बीएसपी प्लांट में हुए ब्लास्ट में सुरक्षा के पर्याप्त साधन की कमी एवं लापरवाही पूर्वक कार्य करने में पहली बार प्रबंधन के खिलाफकिया गया अपराध दर्ज। बीएसपी प्रबंधन सहित, साइड इंचार्ज, ठेकेदार, शिफ्ट इंचार्ज पर किया गया अपराध दर्ज किया गया है। दिनांक 08.11.2021 को को बीएसपी प्लांट के एमआरडी स्लेड यार्ड भिलाई में लेडल (स्टीकर) को खाली करते वक्त हुए अचानक ब्लास्ट से 5 बीएसपीकर्मी/ठेका श्रमिकों के झुलस जाने से अस्पताल में भर्ती किया गया था। जिसमें दुर्घटना में घायल हुए प्रार्थी विजय कुमार दोलाई की रिपोर्ट पर थाना भिलाई भट्ठी पुलिस के द्वारा अपराध क्रमांक 189/2021 धारा 337,34 दर्ज किया गया। यह पहला मौका है जिसमें पुलिस के द्वारा बीएसपी प्रबंधन के विरुद्ध सुरक्षा के पर्याप्त साधन की कमी एवं लापरवाही पूर्वक कार्य करने से अपराध दर्ज किया गया। जिसमें थाना भिलाई भट्ठी पुलिस के द्वारा बीएसपी प्रबंधन सहित, बीएसपी के साइड इंचार्ज, ठेकेदार यादव ब्रदर्स, ठेकेदार का सुपरवाइजर, सेफ्टी इंचार्ज पर अपराध दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

कोक ओवन में जवाहर लाल नेहरु अवार्ड वितरण समारोह आयोजित

भिलाई (नव प्रदेश)। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में दिनाँक 9 नवंबर, 2021 को जवाहर लाल नेहरु अवार्ड-2020 वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सीओ एवं सीसीडी के 5 समूह में 39 कार्मिकों को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य महाप्रबंधक (सीओ एवं सीसीडी), श्री जी ए राव ने सभी विजेताओं को उनके योगदान के लिए बधाई दी। उन्होंने सभी कार्मिकों को इसी तरह सुरक्षित व निरंतर कार्य करते रहने व अपने सहकर्मी साथियों को भी प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

संवाद | **प्रत्येक पाली की शुरुआत में प्रोडक्शन शॉप में दी गई सेफ्टी टॉक**

सेल-बीएसपी में सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर हुई चर्चा

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा 10 नवंबर, 2021 को जूम प्लेटफॉर्म पर सुरक्षा पर एक वृहद समूह के साथ संवाद आयोजित किया गया। इस संवाद में एचओडी सहित सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के 300 से अधिक अधिकारियों ने भाग लिया। हाउसकीपिंग, शॉपफ्लोर रोशनी, सड़क सुरक्षा, ठेका श्रमिकों के सुरक्षा प्रशिक्षण, रिपोर्टिंग और नियर मिस केसों का विश्लेषण, प्रत्येक पाली की शुरुआत में प्रोडक्शन शॉप में दी गई सेफ्टी टॉक, सेफ्टी लीडरशिप ट्रेनिंग के बाद शॉप फ्लोर पर जाने वाले

अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई और घटना की जांच प्रक्रिया आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। ईडी (वर्क्स), श्री अंजनी कुमार और ईडी (पी एंड ए), श्री एस के दुबे ने प्रतिभागियों को संबोधित किया और प्रतिभागियों द्वारा की गई टिप्पणियों पर अपने विचार भी प्रस्तुत किए।

सुरक्षा नियम, सुरक्षा विश्लेषण और सुरक्षा संस्कृति पर कार्यकारी सीजीएम (सेफ्टी एंड एफएस) श्री जी.पी. सिंह और स्वस्या सॉल्यूशंस के श्री प्रेमानंद द्वारा विस्तृत प्रस्तुतियाँ दी गई। इस संवाद में भाग लेने वाले अधिकारियों ने संयंत्र में सुरक्षा को बेहतर करने हेतु अपने सुझाव और टिप्पणियाँ प्रस्तुत की। उनके सुझावों को नोट किया गया और उन पर चर्चा की गई। श्री प्रेमानंद ने बीएसपी में व्यवहारिक हस्तक्षेप, घटना जांच, क्षमता निर्माण, मानकों के विकास, सड़क सुरक्षा और उच्च जोखिम प्रक्रियाओं सहित सुरक्षा संस्कृति परिवर्तन के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में बताया। कार्यकारी सीजीएम (सेफ्टी एंड एफएस), श्री जी पी सिंह ने अपनी टीम के साथ सत्र का समन्वय किया और इस बात पर जोर दिया कि सुरक्षा मानदंडों के पालन को उत्पादन में उत्प्रेरक के रूप में माना जाना चाहिए न कि बाधा के रूप में। तथ्यों और आंकड़ों को प्रस्तुत करने से पहले श्री सिंह ने भिलाई इस्पात संयंत्र में सेफ्टी गवर्नेंस, सेफ्टी सीनेट की संरचना और प्लांट में सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करने वाली छह-क्रॉस फंक्शनल टीमों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा नेतृत्व प्रशिक्षण के बाद अब तक सी-राउंड के दौरान विभिन्न शॉप्स पर अवलोकरन हेतु जाने वाले अधिकारियों द्वारा किए गए 2820 से अधिक बिन्दुओं पर तत्काल कार्यवाही कर इन बिन्दुओं को दुरूस्त किया गया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह लगभग 1000 सी-राउंड किए जा रहे हैं। सुरक्षा के संबंध में हरसंभव मदद और सहायता प्रदान करने के लिए सभी दरवाजे खुले हैं, यह आश्वासन देते हुए ईडी (वर्क्स), श्री अंजनी कुमार ने कहा कि यह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है कि सुरक्षा मापदंडों को हर तरह से पालन किया जाना चाहिए। परिवर्तन लाने के लिए प्रत्येक प्रतिभागी से अपने नेतृत्व कौशल का प्रदर्शन करने का आग्रह करते हुए, उन्होंने छोटे विवरणों पर ध्यान देने पर जोर दिया कि कैसे पूरे संयंत्र में सुरक्षा संस्कृति में सुधार किया जा सकता है।

न्यूज गैलरी

सीएम भूपेश ने विधायक देवव्रत सिंह के परिजनों से की भेंट, जताई संवेदना

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बुधवार को खैरागढ़ पहुंचकर कमल विलास पैलेस में खैरागढ़ के विधायक एवं पूर्व सांसद देवव्रत सिंह के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय सिंह के परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना प्रगट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय देवव्रत सिंह के निधन से हमने एक अच्छा राजनेता एवं मित्र खो दिया है। उनकी आकस्मिक मृत्यु राजनीति के क्षेत्र में तथा व्यक्तिगत तौर पर भी अपूरणीय क्षति है।

तेज रफ्तार ट्रक सिग्नल से टकराई चालक के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर व्हीआईपी रोड सिग्नल से टकरा गया।जिससे सिग्नल क्षतिग्रस्त हो गया।मामले की रिपोर्ट तेलीबांधा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार दोपरह करीब 2 बजे ट्रक क्रमांक एमपी 04/एचई/5450 का चालक साबर खान मंदिर हसौद तरफ से तेज रफ्तार लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए व्हीआईपी चौक एयरपोर्ट टर्निंग बांये तरफ के सिग्नल को ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया है, किसी को चोंट नही आया है। एक्सिडेंट से करीबन 70,000/- रूपये का नुकसान हुआ है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279,427 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

वैट कम करने का सवाल सुनकर ही कांग्रेस बौखला रही: डॉ. रमन

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने राज्य में पेट्रोल-डीजल के दाम कम नहीं पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधा है। डा. सिंह ने ट्वीट कर कहा कि कांग्रेस पेट्रोल-डीजल के दामों को लेकर साइकिल चलाकर सड़कों पर जाम कर विरोध करती रही। अब जब केन्द्र ने एक्साइज ड्यूटी घटाई है, कई भाजपा शासित राज्यों में वैट कम कर जनता को राहत दी है। तब छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वैट कम करने की जगह सवाल सुनकर ही बौखला रहे हैं। उन्होंने कहा कि सवाल तो पूछे ही जायेंगे।

गांजा बिक्री करते आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस ने थाना आजाद चौक क्षेत्र में गांजा बिक्री करते आरोपी राजकुमार वर्मा को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक थाना आजाद चौक पुलिस की टीम को सूचना मिली थी, कि थाना आजाद चौक क्षेत्रांतर्गत स्थित घोराई तालाब रामकुण्ड पास एक व्यक्ति गांजा बिक्री कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना आजाद चौक पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताए हुलिए के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम राजकुमार वर्मा निवासी रामकुण्ड आजाद चौक का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा तलाशी लेने पर उसके पास मादक पदार्थ गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर आरोपी राजकुमार वर्मा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 किलो 400 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती लगभग 10 हजार रूपए जप्त किया जाकर आरोपी के विरूद्ध थाना आजाद चौक में अपराध क्रमांक 236/21 धारा 20बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही किया गया।

अवैध शराब के साथ 2 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के खरोरा थाना क्षेत्र में अवैध शराब लेकर जा रहे दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके पास से अवैध 55 पौव्वा देसी शराब जब्त की है। मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार देर शाम मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने छडिया पचरी रोड,सीएल बाडी के पास अवैध शराब लेकर जा रहे दो लोगों को घेराबंदी कर पकड़ा उनके पास रखे थैले की तलाशी लेने पर 55 पौव्वा देसी अवैध शराब मिला जिसकी कीमत 6050 रुपये बताई जा रही है।आरोपियों से नाम पूछने पर उन्होंने अपना नाम टिकेश्वर वर्मा पिता स्व.भगवती वर्मा ग्राम खपरीडीह खुर्द खरोरा तथा गमेन्द्र खुंटे पिता रामभरोसा खुंटे खपरीडीह खुर्द रायपुर बताया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34–2 के तहत कार्रवाई की गई है।

चाकू के साथ दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। चाकू लहराकर बाजार में आने–जाने वालों को डराने धमकाने तथा बटन चाकू के साथ एक आरोपी को पुलिस ने पकड़ा है। मिली जानकारी के मुताबिक 09 नवंबर मंगलवार थाना मंदिर हसौद पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर सेरीखेडी बाजार मंदिर हसौद में चाकू लहराकर लोगों को डराने की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंच पुलिस ने एक आरोपी को? घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक नग धारदार चाकू जब्त की है।पकड़े गए आरोपी से पूछताछ में पुलिस को अपना नाम पोषण यादव 21 वर्ष पिता संतोष यादव निवासी सेरीखेड़ी रायपुर बताया है। इसी तरह छोटा अशोक नगर बुद्ध विहार के सामने रोड पर गुढियारी रायपुर में पुलिस ने एक युवक को बटन चाकू लेकर घूमने की सुचना पर मौके पर पहुंच घेराबंदी कर पकड़ा है। आरोपी से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम रामू साहू पिता नारायण साहू 22वर्ष निवासी दुर्गा चौक बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर बताया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

शोक संदेश

जितेन्द्र शुक्ला

रायपुर/नवप्रदेश। संतोषी नगर रायपुर निवासी जितेन्द्र शुक्ला का आज 10.11.2021 को प्रातः आकस्मिक निधन हो गया, वे अपने विनम्र व मिलनसार स्वभाव के कारण शहर में लोकप्रिय व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे। वे रमाकांत शुक्ला के पुत्र, राजकुमार शुक्ला व देवेश शुक्ला के भाई, अंकित व वेदांत शुक्ला के पिता और विनोद पाण्डेय के साले थे। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी मुक्तिधाम में दोपहर 3.00 बजे किया गया, जिसमें अनेक प्रतिष्ठित नागरिक, रिश्तेदार एवं परिजनों ने उपस्थित होकर उनके मृतात्मा को श्रद्धांजली दी एवं शोक संतप्त परिजनों को इस असीम दुख को सहने की शक्ति देने ईश्वर से प्रार्थना की।

एम्स में प्रत्येक मंगलवार को अब विशेष डायबिटीक फुट क्लिनिक

- डायबिटीज से पीड़ित 25 प्रतिशत को होती है यह बीमारी
- एम्स में प्रति सप्ताह औसतन 30 रोगी पहुंच रहे इलाज के लिए

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बढ़ते डायबिटीज रोगियों की संख्या को देखते हुए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के मेडिसिन विभाग ने विशेष डायबिटीक फुट क्लिनिक प्रारंभ किया है। इसमें डायबिटीज रोगियों को पैर संबंधी उपचार प्रदान किया जाएगा। वर्तमान में ऐसे औसतन 30 रोगी प्रति सप्ताह एम्स में इलाज के लिए आ रहे हैं। स्पेशल क्लिनिक प्रारंभ होने से इन रोगियों को विशेष लाभ मिल सकेगा।

निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने बताया कि जीवन शैली में परिवर्तन की वजह से डायबिटीज के रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में शामिल है जिसमें डायबिटीज के रोगी सबसे अधिक हैं। ऐसे में चिकित्सकों के लिए डायबिटीज को नियंत्रित करना चुनौतीपूर्ण है। डायबिटीज का प्रभाव छत्तीसगढ़ के रोगियों पर भी है जिसकी वजह से मेडिसिन विभाग में प्रतिदिन आने वाले औसतन 350 रोगियों में से बड़ी संख्या डायबिटीज के रोगियों की होती है। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए अब एम्स ने प्रत्येक मंगलवार को डायबिटीक फुट क्लिनिक प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। विभागाध्यक्ष प्रो. विनय आर. पंडित ने बताया कि विशेष क्लिनिक दोपहर दो से चार बजे तक आयोजित होगा। इसमें ओपीडी से रेफर किए गए डायबिटीक फुट रोगियों का उपचार होगा। उन्होंने बताया कि पांच वर्ष या अधिक समय तक अनियंत्रित डायबिटीज की वजह से पैरों की नसों पर दुष्प्रभाव पड़ता है और वह डेड फुट की तरह व्यवहार करने लगते है। यदि समय पर उपचार प्रारंभ कर दिया जाए तो इससे बचाव संभव है।

डायबिटीक फुट के प्रारंभ में पैर पर अल्सर, चलने में दर्द, जलन और पैरों का सुन्न हो जाना प्रमुख लक्षण होते हैं। कुल डायबिटीज रोगियों में एक चौथाई तक इस बीमारी से पीड़ित हो सकते हैं। विशेष क्लिनिक में इसके लिए बायोथेसियोमीटर, पोडियास्केन और डाप्लर की सुविधा प्रदान की गई है। स्पेशल क्लिनिक के इंचार्ज डॉ. मो. सबा सिद्दकी और डॉ. रोहिनी रोक्कम होंगी।

झीरम घाटी कांड की फाइल एनआईए से मांगो, भाजपा को तकलीफ क्यों होती है?

रायपुर/नवप्रदेश। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक के बयान पर कांग्रेस ने प्रतिक्रिया व्यक्त की। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि झीरम घाटी कांड के षड़यंत्रकरियो को सलाखों के पीछे भेजने पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए राज्य सरकार ने एसआईटी का गठन किया और एनआईए से जांच की फाइल मांगे तब भी भाजपा को आपत्ति थी और आज राज्यपाल महोदय को जांच आयोग के द्वारा सौंपी गई जांच प्रतिवेदन राज्य सरकार कार्यवाही हेतु मांग रही है तब भी भाजपा को ही तकलीफहो रही है? भाजपा आखिर झीरम घाटी कांड की सच्चाई को जनता के सामने उजागर होने से क्यों रोकना चाहती है? रमन सिंह सरकार ने तो विधानसभा में झीरम घाटी कांड की सीबीआई जांच की घोषणा की थी लेकिन सीबीआई से जांच नहीं करवाई थी। एनआईए की जांच भी पीड़ितों से बिना पूछताछ के ही पूरी हो गई?

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि झीरम घाटी कांड का सच छत्तीसगढ़ की जनता जानना चाह रही है और लगातार भाजपा की केंद्र सरकार सच को छुपाने में लगी हुई है? भाजपा के नेता किस मुंह से सवाल पूछ रहे हैं कि सबूत जेब में है तो प्रस्तुत क्यो नहीं किया जा रहा है? भाजपा के नेता बताएं झीरम घाटी कांड के पीड़ित किस के सामने जाकर अपना पक्ष रखें जब एनआईए ने जांच पूरी होने की बात कह कर जांच की क्लोजर रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है? सीबीआई ने जांच करने से इंकर कर दिया है? न्यायायिक जांच आयोग कुछ दिन पहले सरकार को चिट्ठी लिखकर जांच अधूरी बताकर समय सीमा बढ़ाने की मांग कर रहे थे और अचानक जांच रिपोर्ट राज्यपाल महोदय जी को सौंप दिए हैं।

ट्रेन की परिचालन अवधि 30 दिसंबर तक बढ़ी

रायपुर/नवप्रदेश। दुर्ग से हटिया के बीच चल रही 08185 / 08186 हटिया-दुर्ग-हटिया द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट पूजा स्पेशल ट्रेन की परिचालन अवधि बढ़ा दी गई है। अब यह ट्रेन दिसंबर तक चलेगी। पूर्व में इसे पांच नवंबर तक चलाने का निर्णय लिया गया था। जिसे अब विस्तार करने की घोषणा कर दी गई है।

यह ट्रेन पहले की तरह दुर्ग से हटिया के लिए प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को 08186 नंबर के साथ चलेगी। यात्रियों को इस ट्रेन की सुविधा 30 दिसंबर तक मिलेगी। इसी तरह ट्रेन हटिया से दुर्ग के लिए प्रत्येक मंगलवार एवं गुरुवार को 08185 नंबर 31 दिसंबर तक चलेगी। मालूम हो कि यह ट्रेन यात्रियों के लिए बेहद सुविधाजनक है।

राज्यपाल ने स्थानीय निवासियों की भर्ती संबंधी संशोधित अधिसूचना पर किए हस्ताक्षर

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने बस्तर और सरगुजा क्षेत्र के संभाग स्तरीय पदों पर स्थानीय युवाओं के भर्ती की संशोधित अधिसूचना पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अधिसूचना के लागू होने से वहां पर निवासरत् स्थानीय युवाओं को संभाग स्तर के तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भी भर्ती के अवसर उपलब्ध होंगे। यह भर्ती विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड के माध्यम से की जाएगी। पूर्व में इन दोनों संभागों के जिला संवर्ग के ही तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पदों पर स्थानीय निवासियों की भर्ती का प्रावधान था, जिसमें अब संशोधन किया गया है। उल्लेखनीय है कि 04 सितंबर 2019 को जारी अधिसूचना में अनुसूचित क्षेत्रों के केवल जिला संवर्ग के तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पदों पर स्थानीय निवासियों की भर्ती का प्रावधान था, जिसका बाद में परीक्षण किया गया और यह निर्णय लिया गया कि चूंकि बस्तर एवं सरगुजा संभाग के सम्पूर्ण क्षेत्र अनुसूचित क्षेत्र में आते हैं। ऐसी स्थिति में इन दोनों संभाग के, संभाग स्तरीय पदों पर भी स्थानीय निवासियों की भर्ती का प्रावधान रखा जाना उचित होगा।

ज्ञात हो कि पूर्व की अधिसूचना के अनुसार विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा बस्तर, सरगुजा संभाग के अंतर्गत आने वाले जिलों और बिलासपुर संभाग के कोरबा और गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिले के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विभागों में जिला संवर्ग के तृतीय एवं चतुर्थ संवर्ग श्रेणी के पदों पर स्थानीय निवासी से भर्ती का प्रावधान था, जिसे नई अधिसूचना में संशोधित कर बस्तर और सरगुजा संभाग के संभाग स्तरीय पदों के लिए भी स्थानीय निवासियों की भर्ती का प्रावधान रखा गया है।

विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड संबंधित स्थानीय कार्यालय/विभाग के भर्ती नियमों में विहित प्रावधानों तथा शासन द्वारा समय-समय पर जारी नियमों/निर्देशों में निहित प्रावधानों के अधीन तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के भर्ती हेतु उपलब्ध विभिन्न पदों पर चयन की कार्यवाही कर सकेगा।

हुक्का में पाबंदी के बाद राजधानी में सबसे बड़ी कार्रवाई, 50 लाख का जखीरा बरामद

रायपुर/नवप्रदेश। गृह विभाग के समीक्षा बैठक में सीएम की नाराजगी ने रंग लाया और राजधानी सहित प्रदेशभर में हुक्का बार पर शिंकजा और ज्यादा सख्त कर दिया गया। इसी का नतीजा था कि राजधानी में ही 1 क्विंटल 50 किलोग्राम विभिन्न हुक्का फ्लेवर्स के साथ करीब करीब 50 लाख मूल्य की हुक्का संबंधित सामग्री का जखीरा बरामद किया और आरोपी को भी गिरफ्तार भी किया गया।

रायपुर पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को इस ओर सख्त कानूनी कार्यवाही के निर्देश दिया था। सायबर सेल की टीम को तीन दिन पहले ही सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना खम्हारडीह क्षेत्रांतर्गत स्थित राजीव नगर में एक व्यक्ति अपने मकान के पास हुक्का पिलाने के साथ ही हुक्का से संबंधित सामग्रियों की बिक्री भी कर रहा है। शहर एएसपी ने आरोपी को हुक्का पिलाते व सामग्रियों के साथ रंगे हाथ पकड़ने टीफं को निर्देशित किया था। मुखबीर के बताये स्थान पर एक व्यक्ति को पॉइंटर बनाकर भेजा गया। जहां आरोपी लोगों को

हुक्का पिलाने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान पुलिस की टीम सक्रिय हुई और रेड मारकर हुक्का बार से सम्बन्धी साज़ो सामान का जखीरा जप्त किया। आरोपी को कोटपा अधिनियम 2003 के तहत् गिरफ्तार किया गया है।

हुक्का से संबंधित सामग्री का टेस्ट पर्चेस भी कराया गया, टेस्ट पर्चेस के दौरान उक्त व्यक्ति ने हुक्का से संबंधित सामग्री की बिक्री करते हुए पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों ने व्यक्ति को पकड़कर पूछताछ करने पर व्यक्ति ने अपना नाम अशोक मंधानी निवासी राजीव नगर खम्हारडीह का होना बताया।

कड़ाई से पूछताछ करने पर अशोक मंधानी ने अपने घर से ही हुक्का से संबंधित सामग्रियों को रखना व बिक्री करना बताया। पुलिस ने मकान के अंदर जब तफ्तीश की पाया कि 3 अलग-अलग कमरों में लाखों रूपये कीमत की हुक्का से संबंधित सामग्रियों का विशाल भण्डारण था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि लोगों की मांग पर हुक्का सप्लाई करते है।

आरोपी अशोक मंधानी के कब्जे से विभिन्न प्रकार के कुल 3 हजार पैकिंग हुक्का मटेरियल्स, 1,100 नग पाईप, 1 हजार नग चिलम पाईप, 1 क्विंटल 50 किलोग्राम विभिन्न हुक्का फ्लेवर्स तथा अन्य सामग्री जप्त किया। जिसकी कीमत लगभग 50 लाख बताई जा रही है।

आरोपी अशोक मंधानी के विरूद्ध थाना खम्हारडीह में धारा 4/21, 6/24 सिगरेट व तम्बाकू उत्पाद विमापन का प्रतिषेध व व्यापार तथा वाणिज्य उत्पाद का वितरण विनियमन कोटपा अधिनियम 2003 के तहत् कार्यवाही करने के साथ ही आरोपी के विरूद्ध पृथक से प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत् भी कार्यवाही किया गया।

आरोपी से जप्त हुक्का से संबंधित सामग्रियों की मात्रा अधिक होने के कारण हुक्का सामग्रियों को आरोपी के तीनों कमरों को सील किया गया है।

किसानों के खेतों में दोहरी फसल से बढ़ रही आमदनी

भू-जल संरक्षण एवं संवर्धन से किसानों को नहीं होती पानी की समस्या

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी योजनांतर्गत चिन्हांकित नरवा को जल संरक्षण संवर्धन के लिए संरक्षित किया जा रहा है ताकि किसानों को खेती किसानी के लिए पर्याप्त मात्रा में सिंचाई हेतु जल की सुविधा उपलब्ध हो सके। अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों में किसान वर्षा के जल पर ही खेती के लिए निर्भर रहते हैं।

जशपुर जिले में नाला उपचार

जशपुर जिले में नाला उपचार के कार्य ब्रशहुड, गली प्लग, बोल्ड चेक और गेबियन नाला गहरीकरण आदि के कार्य एवं क्षेत्र उपचार के तहत सी.सी.टी., एस.सी.टी, मेडबधान, डबरी, कुआं, 30-40 मॉडल, तालाब गहरीकरण, नवीन तलाब, भूमि सुधार के कार्य स्वीकृत किया गया है और कार्य किया जा रहा है अब तक प्रथम चरण के 67 नरवा के कार्य को पूर्ण कर लिया गया है साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय ग्रामीणों को मनरेगा के तहत् रोजगार दिया जा रहा है।

मनरेगा के तहत् रोजगार दिया जा रहा है

मनरेगा के एपीओ श्री अस्वनी व्यास ने बताया कि नालों में पर्याप्त पानी रहने से किसानों को अच्छी फसल लेने में सुविधा होती है और उनको वर्षा के जल पर निर्भर नहीं रहना पड़ता है।

जिले में नरवा विकास योजना से क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो रहा है। भू-जल संरक्षण एवं संवर्धन से क्षेत्र में पानी की समस्या अब नहीं होती है और किसानों के खेतों में दोहरी फसल से ग्रामीणों की आमदनी बढ़ रही है।

जनता की शिकायत पर निगम ने रेस्टोरेंट पर लगाया जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के नगर घड़ी चौक स्थित अमृतसरी रेस्टोरेंट के सम्बन्ध में अनेक जनशिकायत नगर निगम के पास आई थी। औचक निरीक्षण करने बुधवार को जोन क्रमांक 4 के स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंच गई। इस दौरान कई अनियमितता पाई गई, जिस पर निगम ने बड़ी पेनल्टी लगाई।

बुधवार को नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 4 के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उसी जोन के तहत आने वाले मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड क्रमांक 46 के क्षेत्र में नगर घड़ी चौक के किनारे स्थित अमृतसरी रेस्टोरेंट के सम्बन्ध में स्वास्थ्य विभाग पास जब जनशिकायत आई तो वस्तुस्थिति की जानकारी लेने अधिकारी औचक निरीक्षण पर पहुंचे। इस दौरान अमृतसरी रेस्टोरेंट में भारी गन्दगी सहित साफ-सफाई का पूर्ण अभाव पाया। इतना बड़ा रेस्टोरेंट है, लेकिन कहीं पर भी एक डस्टबीन नहीं था। जिससे खाद्यान्न सम्बन्धी वेस्टेज इधर उधर पड़ा हुआ पाया।

नगर निगम को प्राप्त जनशिकायत पूरी तरह से सही पाये जाने पर सम्बंधित जोन क्रमांक 4 के जोन कमिश्नर लोकेश चंद्रवंशी के निर्देश पर 8 हजार रुपये जुर्माना लगाया। साथ ही जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र चंद्राकर ने अमृतसरी रेस्टोरेंट के संचालक को भविष्य के लिये कड़ी चेतावनी भी दी। इस तरह नगर निगम ने जनशिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया गया।

मारपीट कर युवक से मोबाइल लूटा

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के बीरगांव इलाके में मारपीट कर मोबाइल लूट लेने की रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज कराई गई है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 392 के तहत लूट का मामला दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक कैलाश नगर बीरगांव वार्ड 21 निवासी मनीष कुमार साहू पिता मन्नु राम साहू उम्र 19 वर्ष ने 09 नवंबर को थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि वह 04 नवंबर लक्ष्मी पुजा की रात्रि 08 बजे अटल चौक कैलाश नगर में खड़ा था तभी विकाश (टिकिया) नाम के लडके ने उससे मारपीट कर चोट पहुंचाया व उसका मोबाइल कीमती 18490 रूपये को लूट लिया।घटना को प्रार्थी के दोस्त सतवंत सिंह राजपुत तथा मोहल्ले के कुछ लोग देखे है।डर की वजह से वह घटना की जानकारी कुछ दिनों तक अपने परिजनों को नही दिया था।जब इस बात की जानकारी परिजनों को हुई इसके बाद घटना की शिकायत थाने में दर्ज कराई है।

डॉ. महंत ने चिकित्सा उपकरण वैन को झंडी दिखाकर किया रवाना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बमनिडीह (चांपा) के लिए चिकित्सा उपकरण वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

ऑक्सफैम इंडिया के छत्तीसगढ़ प्रभारी आनंद शुक्ला ने बताया कि, कोरोना महामारी की चुनौतियों से निपटने के लिए राज्य सरकार के प्रयासों में मदद करते हुए ऑक्सफैम इंडिया द्वारा मिशन संजीवनी के तहत विभिन्न सरकारी एवं जनोन्मुखी चिकित्सालयों को चिकित्सा उपकरण प्रदान किए जा रहे हैं। कोविड की दूसरी लहर का असर ग्रामीण और दूर दराज के इलाकों

पर भी पड़ा। दूसरी लहर में ऑक्सीजन की जरूरत भी प्रमुख रूप से सामने आई। इन्ही बातों को ध्यान मे रखते हुए ऑक्सफैम इंडिया ग्रामीण और दूर दराज के प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सा उपकरणों को पहुंचाने प्रयासरत है। जिसमें चिकित्सा उपकरण में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हेतु ऑक्सीजन सिलेंडर 40 लीटर क्षमता के 6 नग, ऑक्सीजन फ्लो मीटर 10 नग, ऑक्सीजन नसल मास्क 40 नग, पल्स आक्सी मीटर 6 नग, नेबुलाइज़र 6 नग, बेड सेमी फ़ाउलर गद्दा सहित 5 नग, बी पी मशीन एल ई डी 3 नग, डिजिटल थर्मामीटर 10 नग, मल्टी पेरामीटर पेशेंट मॉनिटर 2 एंव बाईपेप मशीन 2 नग शामिल है। इस तरह के चिकित्सा उपकरण 9 अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और आवश्यकता अनुसार 35 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को भी प्रदान किया गए है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने ऑक्सफैम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना से लड़ने में यह मदद महत्वपूर्ण है। ये मदद ग्रामीण क्षेत्रों के जरूरतमंदों के लिए विशेष उपयोगी होगी। ऑक्सफैम इंडिया संस्था का कार्य मानवीय दृष्टिकोण से सराहनीय अतुलनीय है।

माननीय विधान सभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए श्री आनंद शुक्ल, ऑक्सफैम इंडिया छत्तीसगढ़ इंचार्ज ने कहा की, कोविड की महामारी भयावह रही है और छत्तीसगढ़ मे भी इसका व्यापक प्रभाव देखने को मिला। ऑक्सफैम इंडिया के लिए छत्तीसगढ़ मे सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने और विशेष तौर पर सीमांत तबकों को मदद करने में छत्तीसगढ़ सरकार के साथ काम करने में खुशी है।

इस अवसर पर प्रकाश गार्डिया, ऑक्सफैम इंडिया ने कहा की हम ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली मितानिनों के साथ विशेष फोकस के साथ काम कर रहे हैं, वर्तमान में कबीरधाम और राजनांदगांव में मितानिनों को मेडिकल किट प्रदान कर काम किया जा रहा है। चिकित्सा उपकरणों के साथ-साथ जरूरतमंद लोगों के लिए सूखा राशन की भी व्यवस्था की गई है। कुल 2600 परिवारों तक करीबन एक महीने का सूखा राशन और स्वास्थ्य सुरक्षा किट पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। उल्लेखनीय है कि तृतीय लिंग समुदाय के 400 लोगों को रायपुर और दुर्ग जिले में भी राशन और स्वास्थ्य सुरक्षा किट प्रदान किया जाएगा।

संपादकीय

अस्पतालों में लूट सुको की सख्ती

कोरोनाकाल में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों के उपचार के नाम पर नीजी अस्पतालों और नर्सिंग होमों ने लाखों के बिल बनाकर मरीजों से मनमानी रकम ऐंठी थी। लूट-खसोट करने वाले ऐसे अस्पतालों के खिलाफ अब सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाई है। सुप्रीम कोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों को नोटिस जारी किया है। गौरतलब है कि कोरोनाकाल में देशभर में मरीजों को उपचार के लिए इधर-उधर भटकने की नौबत आ गई थी। नीजी अस्पतालों में बैड की कमी और ऑक्सीजन की किल्लत के चलते मरीजों के परिजनों का हाल बेहाल हो गया था। ऐसे मरीजों की मजबूरी का फायदा उठाते हुए कई नीजी अस्पतालों में कोरोना संक्रमित मरीजों के उपचार के नाम पर मोटी रकम वसूली थी। मरता क्या नहीं करता की तर्ज पर मरीजों के परिजनों ने इन अस्पताल वालों को मुहमांगी फीस अदा की थी। अब इस तरह के मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई है जिसपर सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्रिय परिवार कल्याण और स्वास्थ्य मंत्रालय को नोटिस जारी कर निर्देशित किया है कि यह कोरोना मरीजों के उपचार के लिए नीजी अस्पतालों द्वारा बनाए गए बिलों की आडिट और स्कूटनी के लिए तंत्र विकसित करें। यदि ऐसा होता है तो जिन नीजी अस्पतालों ने कोरोनाकाल में मरीजों को दोनों हाथों से लूटा था उनके खिलाफ अब कड़ी कार्यवाही होगी। दरअसल नीजी अस्पतालों और नर्सिंग होमों में मरीजों के साथ लूटखसोट आम बात बन गई है। इन अस्पतालों में मरीजों की विभिन्न बिमारियों की जांच के नाम पर हजारों रूपए वसूले जाते है वहीं इनके खुद के मेडिकल स्टोर होते है जहां दवाओं के दाम भी मनमाने रूप से वसूल किए जाते है। मामूली से मामूली बीमारी पर भी हजारों लाखों का खर्च आ जाता है, ऐसे लूटेरे नर्सिंग होमों और नीजी अस्पतालों के खिलाफ सरकार कोई कार्यवाही नहीं करती। इसलिए यह आवश्यक है कि इस मामले में भी सुप्रीम कोर्ट दखल दें और इस लूटखसोट पर रोक लगाएं।

विचार

दर्शन दीहीं ए दीनानाथ

छठ का महापर्व अतुलनीय है। एक मान्यता है कि इसकी उत्पत्ति आदिकाल में बिहार के देव नामक स्थान पर हुई थी, जो औरंगाबाद जिले में स्थित है। देव में एक बहुत बड़ा पोखर है और यहां सूर्य भगवान का मंदिर भी है। यहां छठ का विशेष महत्व है। लोग चालीस-पचास कोस दूर से भी छठ करने पैदल ही या तरह-तरह के वाहनों के सहारे आते हैं। माना जाता है कि यह पर्व आसपास के क्षेत्र में पहले और उसके बाद प्रांत में और अब तो दुनिया भर में फैल चुका है।

आज हिन्दुस्तान का कोई ऐसा कोना नहीं है, जहां छठ न मनाया जाता हो। वर्षों पहले मुंबई में सागर तट जुहू पर मने छठ पर्व की मुझे याद है। तब जहां तक नजर जाती थी, केवल लोग ही लोग नजर आते थे। छठ करने वालों में ि्त्रयां भी थीं और पुरुष भी। उतने लोगों को एक जगह मैंने कहीं छठ करते देखा नहीं था। वहां उस साल बड़ा सांस्कृतिक आयोजन भी हुआ था। स्थानीय कलाकार भी थे और बाहर से भी कलाकार आए थे। सब बारी-बारी छठ गीत गाते रहते थे और बीच-बीच में फिल्मी अभिनेता, अभिनेत्रियों का मंच पर सम्मान होता था। ऐसे आयोजन अब देश में जगह-जगह होने लगे हैं। छठ घाट या छठ पूजा स्थलों पर भीड़ बढ़ती चली जा रही है।

मैं तो छुटपन से ही छठ देखता और मनाता आ रहा हूं। मेरे घर हर साल यह होता है। मां बहुत श्रद्धा से छठ किया करती थीं। अब जब वह नहीं हैं, तब मेरी धर्मपत्नी इसे करती हैं। बहुत अच्छी बात है कि जिनके यहां छठ नहीं होता है, वे भी इसके आयोजन में दूसरों के साथ पूरे उत्साह से शामिल होते हैं। मैं अपने आसपास के छठ घाटों और आयोजन से जुड़ा रहता हूं। घाटों की साफ़सफ़ाई, टेंट की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था से जुड़ा रहता हूं। खुद से जितना भी योगदान हो पाता है, उतना पूरी श्रद्धा से करने की कोशिश करता हूं।

इस महापर्व की एक बड़ी खूबी है कि यह अपने आयोजन में बहुत लचीला है। लोग भक्ति और शक्ति के अनुसार भोग, प्रसाद सामग्री का इंतजाम करते हैं। सूप सबसे जरूरी है, दउरा में फ्ल के साथ सब्जियां भी होती हैं, ठेकुआ रहता है। सूप और दउरे में सब सामग्री रखकर उसे पीले कपड़े से ढक दिया जाता है और तब घाट की ओर चलते हैं व्रती। दउरा भारी रहता है। उपवास कर रहे व्रती को इसे नहीं उठाना पड़ता। घर का कोई अन्य युवा सदस्य इसको सिर पर उठाकर पूरी श्रद्धा से ओतप्रोत संभलकर चलता है। जगह-जगह सब छठ के गीत गाते या गुनगुनाते मिलते हैं।

सब जानते हैं कि संगीत और छठ का गहरा नाता रहा है। मैं तो छठ गीत बचपन से ही गाने लगा था। संगीत कार्यक्रमों में गाते हुए अब पचास साल हो गए। 1971 से ही गा रहा हूं। तब पंद्रह वर्ष की उम्र रही होगी। जहां तक रिकॉर्डिंग की बात है, तो 1990-91 में मैंने प्रसिद्ध गायिका अनुराधा पौडवाल के साथ टी सीरीज के लिए छठ गीत रिकॉर्ड कराए थे। कैसेट का नाम था, आहो दीनानाथ। वह बहुत प्रसिद्ध हुआ था, आज भी खूब सुना जाता है। वह गीत था- आहो दीनानाथ/ जल बिच खाड़ बानी/ कांपेला बदनवा/ दर्शन दीहीं ए दीनानाथ। अपने देश-समाज में छठ गीतों की बहुत लोकप्रियता रही है, जिसकी वजह से कभी-कभी ही गांव में रहने का मौका मिलता है। ज्यादातर तो संगीत कार्यक्रम करने के लिए अलग-अलग स्थानों पर जाता रहा हूं।

प्रेम शर्मा

> अभी हमने कोरोना काल में आक्सीजन गैसे की किल्लत झेली है जबकि एक तोला (10 ग्राम) गाय के घी से यज्ञ करने पर एक टन ऑक्सीजन बनती है।देशी गाय के एक ग्राम गोबर में कम से कम 300 करोड़ जीवाणु होते हैं। यह जीवाणु खेतों के बहुत से कीटाणुओं को मार कर खेत की मिट्टी को उपजाऊ बनाते हैं हरित क्रांति से पहले खेतों को गाय के गोबर में गौमूत्र, नीम, धतूरा, आक आदि के पत्तों को मिलाकर बनाए गए कीटनाशक द्वारा किसी भी प्रकार के कीड़ों से बचाया जाता था। पंचगव्य का निर्माण गाय के दूध, दही, घी, मूत्र, गोबर द्वारा किया जाता है। पंचगव्य कई रोगों में लाभदायक है। पंचगव्य द्वारा शरीर की रोग निरोधक क्षमता को बढ़ाकर रोगों को दूर किया जाता है। पंचगव्य से गुजरात के बलसाड़ नामक स्थान के निकट कैंसर अस्पताल में 3 हजार से अधिक कैंसर रोगियों का इलाज हो चुका है। पंचगव्य के कैंसरनाशक प्रभावों पर यूएस से पेटेंट भारत ने प्राप्त किए हैं।

गौ उत्थान के लिए राष्ट्रमाता के दर्जे की दरकार

गौ माता सनातन धर्म की मूलाधार है। सनातन धर्म की कोई भी पूजा व संस्कार गौ माता के बिना पूरे नहीं होते है। गौ माता में 33 कोटि देवी देवताओं का वास है। वर्ष 2019 में केन्द्रीय सरकार के मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि गौ माता के लिए हमारी सरकार कभी पीछे नहीं हटेगी। सरकार गायों के लिए राष्ट्रीय कामधेनु आयोग का गठन करेगी। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार तो गौसेवक सरकार के नाम से प्रसिद्ध है। उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में गौ रक्षा के लिए गौ संरक्षण अधिनियम उत्तर प्रदेश विद्यमान है। गौ माता पूजनीय व वंदनीय होने के बाद भी सड़कों पर या कुदाघरो के पास कूड़ा खाते व भूख व प्यास से दम तोड़ती देखी जा सकती है। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ योगी जी के द्वारा कई सराहनीय योजनाएं बना कर निराश्रित गौ वंश के लिए सराहनीय कार्य किए जा रहे है। ऐसे प्रयास भारत वर्ष के अन्य राज्यो में भी होने चाहिए।इसके बावजूद भी गौ माता को जो सम्मान मिलना चाहिए वह नहीं मिल पा रहा है क्योंकि गौ माता को पशु की श्रेणी में रख गया है जबकि वेद व अन्य शास्त्र गौ माता को माता कहते है।पशु की श्रेणी में होने के कारण गौ माताओं है जो भी योजनाएं बनाई जाती है उसका सरकारी फंड पशु विभाग को जाता है।गौ माता का अलग मंत्रालय होना चाहिए।जो भी सरकारी योजनाएं गौ माता के लिए बनाई जाए उसका संचालन इसी मंत्रालय द्वारा किया जाना चाहिए।

गौ माता को सम्मान दिलाने हेतु भारतीय गौ क्रांति मंच गौ माता को राष्ट्रीय माता व उत्तर प्रदेश में लोक परमार्थ सेवा समिति गौ माता को राज्य माता का दर्जा मिले इसके लिए निरंतर प्रयासरत है।भारतीय गौ क्रांति मंच नई दिल्ली के राम लीला मैदान में वर्ष 2014 2016 व 2018 में बड़ी रैलियां भी कर चुके है वहीं उत्तर प्रदेश में लोक परमार्थ सेवा समिति पत्रों के माध्यम से कई साधु संतो के आशीर्वाद समर्थन से व कई सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के सहयोग से गौ माता को राज्य माता का दर्जा उत्तर प्रदेश सरकार दे इसके लिए निरंतर प्रयास जारी रखे है। समिति समय समय पर हरिनाम कीर्तन कराकर गौ माताओं को 56 भोग अर्पण कर गौ कथा का आयोजन कराकर भगवान राधा कृष्ण के चार ओ में निरंतर अपनी हाजिरी लगती है।इसके अलावा समिति ने पोस्ट कार्ड अभियान चलाकर आमजनों के साथ साथ साधु संतो से भी पत्र लिखवाए है।समिति ने श्री धाम वृंदावन में 30 अगस्त 2021 को चंद्रोदय मंदिर की गौ शाला में गौ माता को 56 भोग अर्पण कर भगवान राधा कृष्ण के चरणों में प्राथना की थी कि उत्तर प्रदेश सरकार गौ माता को राज्य माता का दर्जा प्रदान करे। समिति लगातार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जो कि स्वयं महान गौ भक्त बताते हुए मांग कर रहे है कि वे भगवान राधा कृष्ण की कृपा से जल्द गौ माता को राज्य माता का दर्जा देकर सनातन प्रेमियों व गौ सेवको खुशी देने का काम करेगे।

गौमाता की महिमा अपरंपार है। मनुष्य अगर जीवन में गौमाता को स्थान देने का संकल्प कर ले तो वह संकट से बच सकता है। मनुष्य को चाहिए कि वह गाय को मंदिरों और घरों में स्थान दे, क्योंकि गौमाता मोक्ष दिलाती है। पुराणों में भी इसका उल्लेख मिलता है कि गाय की पूंछ छूने मात्र से मुक्ति का मार्ग खुल जाता है। गाय की महिमा को शब्दों में नहीं बांधा जा सकता। मनुष्य अगर गौमाता को महत्व देना सीख ले तो गौमाता उनके दुख दूर कर देती है। गाय हमारे

> गौमाता की महिमा अपरंपार है। मनुष्य अगर जीवन में गौमाता को स्थान देने का संकल्प कर ले तो वह संकट से बच सकता है। मनुष्य को चाहिए कि वह गाय को मंदिरों और घरों में स्थान दे, क्योंकि गौमाता मोक्ष दिलाती है। पुराणों में भी इसका उल्लेख मिलता है कि गाय की पूंछ छूने मात्र से मुक्ति का मार्ग खुल जाता है। गाय की महिमा को शब्दों में नहीं बांधा जा सकता। मनुष्य अगर गौमाता को महत्व देना सीख ले तो गौमाता उनके दुख दूर कर देती है। गाय हमारे जीवन से जुड़्ी है। उसके दूध से लेकर मूत्र तक का उपयोग किया जा रहा है। गौमूत्र से बनने वाली दवाएं बीमारियों को दूर करने के लिए रामबाण मानी जाती हैं। गोपाष्टमी के दिन गाय का पूजन करके उनका संरक्षण करने से मनुष्य को पुण्य फ्ल की प्राप्ति होती है। जिस घर में गौपालन किया जाता है उस घर के लोग संस्कारी और सुखी होते हैं। इसके अलावा जीवन-मरण से मोक्ष भी गौमाता ही दिलाती है।

जीवन से जुड़्ी है। उसके दूध से लेकर मूत्र तक का उपयोग किया जा रहा है। गौमूत्र से बनने वाली दवाएं बीमारियों को दूर करने के लिए रामबाण मानी जाती हैं। गोपाष्टमी के दिन गाय का पूजन करके उनका संरक्षण करने से मनुष्य को पुण्य फ्ल की प्राप्ति होती है। जिस घर में गौपालन किया जाता है उस घर के लोग संस्कारी और सुखी होते हैं। इसके अलावा जीवन-मरण से मोक्ष भी गौमाता ही दिलाती है। मरने से पहले गाय की पूंछ छूते हैं ताकि जीवन में किए गए पापों से मुक्ति मिले।लोग पूजा-पाठ करके धन पाने की इच्छा रखते हैं लेकिन भाग्य बदलने वाली तो गौ-माता है।

वैज्ञानिक शोधों से पता चला है कि गाय में जितनी सकारात्मक ऊर्जा होती है उतनी किसी अन्य प्राणी में नहीं।गाय की पीठ पर रीढ़ की हड्डी में स्थित सूर्यकेतु स्नायु हानिकारक विकिरण को रोक कर वातावरण को स्वच्छ बनाते हैं। यह पर्यावरण के लिए लाभदायक है। गाय की रीढ़ में स्थित सूर्यकेतु नाड़ी सर्वरोगनाशक, सर्वविषनाशक होती है।3. सूर्यकेतु नाड़ी सूर्य के संपर्क में आने पर स्वर्ण का उत्पादन करती है। गाय के शरीर से उत्पन्न यह सोना गाय के दूध, मूत्र व गोबर में मिलता है। यह स्वर्ण दूध या मूत्र पीने से शरीर में जाता है और गोबर के माध्यम से खेतों में। मतलब यह कि गाय के दूध, मूत्र और गोबर में सोना मिला होता है। वैज्ञानिक कहते हैं कि गाय एकमात्र ऐसा प्राणी है, जो ऑक्सीजन ग्रहण करता है और ऑक्सीजन ही छोड़ता है, जबकि मनुष्य सहित सभी प्राणी ऑक्सीजन लेते और कार्बन डाई ऑक्साइड छोड़ते हैं। पेड़-पौधे इसका ठीक उल्टा करते हैं। अभी हमने कोरोना काल में आक्सीजन गैसे की किल्लत झेली है जबकि एक तोला (10 ग्राम) गाय के घी से यज्ञ करने पर एक टन ऑक्सीजन बनती है।देशी गाय के एक ग्राम गोबर में कम से कम 300 करोड़ जीवाणु होते हैं। यह जीवाणु खेतों के बहुत से कीटाणुओं को मार कर खेत की मिट्टी को उपजाऊ बनाते हैं हरित क्रांति से पहले खेतों को गाय के गोबर में गौमूत्र, नीम, धतूरा, आक आदि के पत्तों को मिलाकर बनाए गए कीटनाशक द्वारा किसी भी प्रकार के कीड़ों से बचाया जाता था। पंचगव्य का निर्माण गाय के दूध, दही, घी, मूत्र, गोबर द्वारा किया जाता है। पंचगव्य कई रोगों में लाभदायक है। पंचगव्य द्वारा शरीर की रोग निरोधक क्षमता को बढ़ाकर रोगों को दूर किया जाता है। पंचगव्य से गुजरात के बलसाड़ नामक स्थान के निकट कैंसर अस्पताल में 3 हजार से अधिक कैंसर रोगियों का इलाज हो चुका है। पंचगव्य के कैंसरनाशक प्रभावों पर यूएस से पेटेंट भारत ने प्राप्त किए हैं। 6 पेटेंट अभी तक गौमूत्र के अनेक प्रभावों पर प्राप्त किए जा चुके हैं।स्वामी दयानंद सरस्वती कहते थे कि एक गाय अपने जीवन काल में 4,10,440 मनुष्यों हेतु एक समय का भोजन जुटाती है जबकि उसके मांस से 80 मांसाहारी लोग अपना पेट भर सकते हैं। ऐसे हजारों तथ्य है जो गौ महत्व के प्रमाण है। अब जबकि लगातार सनातन धर्म से जुड़े लोग गौ उत्थान के लिए केन्द्र से राष्ट्रमाता और योगी सरकार से राज्य माता का दर्जा मांग रहे है तो समय और गौ महत्व को देखते हुए सरकार को तत्काल इसकी घोषणा कर जनमांग पर अपनी मुहर लगानी चाहिए।

डॉ. श्रीनाथ सहाय

> यूपी ने टीकाकरण में अहम उपलब्धि हासिल की है। लेकिन इन दिनों यहां टीकाकरण की गति मंद पड़ी है। पूर्वांचल के आजमगढ़ जिले में स्वास्थ्य विभाग के तमाम प्रयास के बावजूद जिले में वैक्सीनेशन की संख्या नहीं बढ़ रही। ऐसे में स्वास्थ विभाग के लोग काफी चिंतित हैं। बीते आठ नवंबर को जिले में कुल 158 केंद्रों पर 66 हजार लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया था। शाम को अभियान समाप्त होने पर महज 26422 लोगों को ही टीका लग सका। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. संजय के मुताबिक जिले में कुल 3591875 लोगों को कोरोना संक्रमण का टीका लगाने का लक्ष्य है।

ऐसे तो कमजोर हो जाएगी कोरोना के खिलाफ लड़ाई

कोरोना महामारी के खिलाफ जिस धैर्य और हिम्मत के साथ पूरे देश ने लड़ाई लड़ी, वो स्वागतयोग्य है। स्वदेशी टीके ने भी चिकित्सा जगत में नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। देश में टीकाकरण की संख्या 110 करोड़ के करीब पहुंच गई है। भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश में इतने कम समय में ये रिकार्ड कायम हुआ है, जिसकी तारीफ पूरी दुनिया में हो रही है। कोरोना से लड़ाई में टीके को सबसे अधिक कारगर हथियार माना गया है। लेकिन इन सारी उपलब्धियों में चिंता बढ़ाने वाली बात यह है कि अभी भी आबादी का बड़ा हिस्सा टीके से परहेज कर रहा है। वहीं टीके की एक डोज लगवाने के बाद दूसरी डोज न लगवाने वालों की बड़ी संख्या देश में है।

ये हालात तब हैं जब देश में लगभी एक सौ 9 करोड़ से अधिक लोगों को टीके की पहली डोज लगा चुका है, कुछ विसंगतियां हमारी चिंता बढ़ाने वाली साबित हो रही हैं जो कहीं न कहीं कोरोना के खिलाफ जीती जा रही लड़ाई को कमजोर कर सकती हैं। भारत में 16 जनवरी से कोरोना का टीका लगना शुरू हुआ था। पहले चरण में फ्रंटलाइन वर्कर को लगा और दूसरे चरण में 60 साल से ऊपर और 45 साल वालों को जिनको दूसरी बीमारी है।

कोरोना वायरस की तीसरी लहर की आशंकाओं के बीच भारत में किसी भी नागरिक का वैक्सीनेशन न छूटे इसके लिए सरकार द्वारा 2 नवंबर से 'हर घर दस्तक' वैक्सीनेशन महाभियान की शुरूआत की है। अभियान के तहत 18 साल से ऊपर के जो लोग वैक्सीनेशन से छूट गए हैं या फिर जिनको दूसरी खुराक नहीं लगी है उन्हें उनके घर पर ही कोरोना वैक्सीन दी जा रही है। त्योहारी सीजन में कोरोना के बढ़ते आंकड़ों को देखते हुए केंद्र सरकार ने यह फैसला लिया है। सरकार का कहना है कि इस अभियान के जरिए उन लोगों का वैक्सीनेशन हो सकेगा जिन्होंने अभी तक पहली डोज या फिर दूसरी डोज नहीं लगवाई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार कोविड-19 टीके की पहली खुराक ले चुके 11 करोड़ से

अधिक लोगों ने दो खुराकों के बीच निर्धारित अंतराल समाप्त होने के बाद भी दूसरी खुराक नहीं लगवाई है। आंकड़े बताते हैं कि छह सप्ताह से अधिक समय से 3.92 करोड़ से अधिक लाभार्थियों ने दूसरी खुराक नहीं ली है। इसी तरह करीब 1.57 करोड़ लोगों ने चार से छह सप्ताह देरी से और 1.5 करोड़ से अधिक ने दो से चार सप्ताह देरी से कोविशील्ड या कोवैक्सीन की अपनी दूसरी खुराक नहीं ली है। जानकारों का कहना है कि कई कारणों के कारण आम लोग वैक्सीन लगवाने से बच रहे हैं। इनमें खास वजह दिहाड़ी पर काम करने वाले सोचते हैं कि वैक्सीन लेने के बाद उनके काम पर असर पड़ेगा। कई लोग ऐसे भी जिन्हें लगता है कि वैक्सीन की एक खुराक ले ली है और ये काफी है। बुजुर्ग और दिव्यांग जन भी वैक्सीन के लिए सेंटर पर जाने में परहेज कर रहे हैं। ऐसे सभी लोगों को वैक्सीन जब उनके घर के दरवाजे पर ही मिलेगी ताकि वैक्सीनेशन कवरेज तेजी से हो सकेगा। आईसीएमआर के पूर्व महानिदेशक एनके गांगुली ने के अनुसार ये बहुत फायदेमंद होगा. ये यूनिक अभियान है। डोर टू डोर वैक्सीनेशन नहीं हो पाता है क्योंकि लॉजिस्टिक्स काफी डिफिकल्ट है इसका इस अभियान में जिसमें जोर दिया जाएगा कि जिन्होंने वैक्सीन की एक भी डोज नहीं ली है उन्हें डोज दिया जाए और जिन्होंने दूसरी डोज नहीं ली है, उन्हें दूसरी डोज दी जाए। भारत में 10 करोड़ से ज्यादा ऐसे लोग हैं जिन्होंने समय निकल जाने के बाद भी दूसरी खुराक नहीं ली है।

ऐसे समय में जब देश में कोविशील्ड व कोवैक्सीन के अलावा स्पूतनिक-वी वैक्सीन उपलब्ध हैं और उनका भारत में ही उत्पादन हो रहा है, टीके लगाने में उदासीनता का कारण समझ से परे है। देश में पर्याप्त मात्रा में टीके उपलब्ध हैं और देश अब जरूरतमंद देशों को निर्यात का भी मन बना चुका है। ऐसे में जब पहले टीके की खुराक ले चुके लोग दूसरा टीका लेने में कोताही बरत रहे हैं तो अधिकारियों को भी ऐसे लोगों को टीका लगाने के लिये तैयार करने के लिये अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। यह चिंता की बात है कि पिछले दिनों इस गंभीर समस्या के बाबत केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा आहूत बैठक में कुछ उत्तरी राज्यों ने भाग नहीं लिया। भले ही हमने सौ करोड़ टीकाकरण का मनोवैज्ञानिक लक्ष्य छू लिया हो लेकिन अभी तीसरी लहर का खतरा टला नहीं है। ऐसे में कोई ऐसी चूक नहीं होनी चाहिए जो कालांतर आत्मघाती साबित हो।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मैं धूप में चमकती

मैं धूप में चमकती रेत के प्रेम में पड़ गई ।दूर से पानी लगती थी। मैं दौड़ कर अक्सर प्यास बुझा लेती। धीरे धीरे प्यास कम हो गई पर उस चमकती रेत में पानी देखने की लत लग गई। दौड़ना जारी रहा। मैं एक ही भुलावे से सैकड़ों बार प्रेम करती रही। बनती रही बिगड़ती रही। **- कल्पना पाण्डेय**

माँ को जन्मदिन

माँ को जन्मदिन पर बधाई के साथ- सरल हृदय, पाषाण दिखाती माँ, हर मुश्किल आसान बनाती माँ। अपनी इच्छा ताक पे रख हरदम- मेरी चाहत के सामान सजाती माँ।। मेरी गलती पर गौर कराती माँ, महाराजा सम मौर लगाती माँ। जबजब मैं खाने को तड़पता हूँ, अपने मुंह के कौर खिलाती माँ।। सम्मुख सबके, पोल दबाती माँ, बन्द कमरे में, ढोल बजाती माँ। देख लकीरें भाव समझकर वो- शहद से मीठे बोल सुनाती माँ।**-गजेन्द्र द्विवेदी**

खास पाती

ये महंगाई तो छलती जा रही

ये महंगाई तो छलती जा रही है गरीबी हाथ मलती जा रही है। मनाये दीपों का त्यौहार हम सब दिलों की दूरियाँ खलती जा रही है हमें तो भूख का अंदाज है बस खुशी हर वक्त टलती जा रही है जहाँ रोशन है दिल भी रोशन तमन्ना भी मचलती जा रही है मगन है सब किसी को फ़ुर्सत नही गलत फ़हमी ही पलती जा रही है पटाखे बेचता बच्चा बड़ा खुश तरसती जीस्त पलती जा रही है चरागों ने कहा बुझना नही है बुझाने पर लौ जलती जा रही है उड़ाने भरने कब दी मुझे आपने कफ़स में जीस्त ढलती जा रही है। **- वंदना भट्नागर**

चराग़ों की महफ़िल सजी है आ भी

चराग़ों की महफ़िल सजी है,आ भी जाओ, अंधेरों की जुम्बिश भली है, आ भी जाओ। तुम्हारे ही दम से है मेरा जीना मरना, नहीं तो,बेजां ज़िन्दगी है,आ भी जाओ। दिखा तो दे इक बार अपना जलवा मुझको, मेरी मैय्यत ये चाहती है,आ भी जाओ। ज़मीं की प्यासी वादियों का बाशिन्दा मैं, फ़लक से उतरी तू नदी है,आ भी जाओ। दुआ दे या तू ज़ुल्म कर मुझपे,हासिल, मुझे तुझसे ही हर ख़ुशी है,आ भी जाओ। **- डॉ संजय दानी**

पिघलने के लिए पिघल सकते थे

पिघलने के लिए पिघल सकते थे बर्फ की तरह पिघलते रहे मगर मोम की तरह जमने के लिए जम सकते थे मोम की तरह जमते रहे मगर बर्फ की तरह जलना था हर हाल में जलते रहे शोलो की तरहकभी छालों की तरह कभी जमते रहे कभी पिघलते रहे लावा बनकर सर्द यादों के साये में बहते रहे दर्द की नसों में वक्त के एहसासों में।

- अनामिका चक्रवर्ती

गुज़रते जा रहे हैं हम कहाँ रातों

गुज़रते जा रहे हैं हम कहाँ रातों के साये में खिला है चाँद तो लेकिन घनी ज़ुल्फ़ों के साये में बहारों काजो मौसम हैबढ़ा खुशहाल मौसम है महक मिट्टी से आती हैयूँ बरसातों के साये में मुझे तू इश्क़ की बरसात में अब भीग जाने दे फ़ना होना ज़रूरी है मुलाकातों के साये में जहाँ देखूँ वही पाऊँ मुवादा इश्क़ नामुमकिन तू रहता है हमेशा मेरे जज़्बातों के साये में मुहब्बत की नदी तो पार कर ली अश्क धारों से ठहर जाओ ज़रा सा तुम मेरी बाहों के साये में। **-आचार्य दिनेश भोपाली**

हे जन नायक बात सुनौ कछु



हे जन नायक बात सुनौ कछु कीमति मा नरमी बरताऔ। दीन्ह सिंहासन नीक बिचारि गरीब नही मरनी करवाऔ ।। ध्यान धरौ कछु प्याज टमाटर और नहीं गरमी बरपाऔ । ठीक लगै जितना उतनै अपने हठ कै धरमी दरसाऔ।

-अजय मिश्रा अभिज्ञ

सच्चा मीत वही होता जो

सच्चा मीत वही होता जो आँखो को पढ़ लेता है आँखो में आए कैसे , जो आंसू से लड़ लेता है बिना बताए दर्द जान ले, वो हमदर्द ही होता है मीत के आंसू ,नयन में अपने,मोती सा जड़ लेता है। **- शालिनी शर्मा**

माना कि आज भी भटक रहे

माना कि आज भी भटक रहे हैं कई राम सीता की तलाश में कभी न कभी सेतु भी बांध लेंगे पर क्या नही जानते वे वक्त लौट कर नही आता तो क्या लौटेगी सीता अग्नि प्रवेश के लिए निरपराध होकर भी पुनः बेज्जत हो निष्कषित होने के लिए।

- गीता कैथल

QUIZ TIME

1) मुहम्मद तुगलक द्वारा प्रचलित चांदी का सिक्का का नाम क्या था?
2) उत्तर-पूर्व के किस राज्य को 'मोलेसिन बेसिन' कहा जाता है?
3) बिलिगिरी रंगा स्वामी वन्यजीव अभयारण्य कहाँ स्थित है?
4) भारत में ट्रेजरी बिल किसके द्वारा बेचे जाते है?
5) डॉ. राजेंद्र प्रसाद के द्वारा 1955 में राजभाषा आयोग का गठन किया गया था, इसके अध्यक्ष कौन थे?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) अदली (2) मेघालय (3) कर्नाटक (4) आरबीआई (5) बालकृष्ण शर्मा नवीन

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1208- ओत्ता वान विटल्सबाश को जर्मनी का राजा चुना गया। 1745- चार्ल्स एडवर्ड स्टुअर्ट उर्फबोनी प्रिंस चार्ली की सेना इंग्लैंड में घुसी। 1818- मलक्का में रॉबर्ट मॉरिसन ने एंग्लो-चीनी कॉलेज (बाद में इसका नाम बदलकर यिंग वा कॉलेज) की स्थापना की। 1839- अमेरिका में पहले राजकीय सैन्य कॉलेज वर्जीनिया सैन्य संस्थान की स्थापना की गयी। 1852- वेस्टमिंस्टर का नया पैलेस लंदन में खोला गया। 1880- ऑस्ट्रेलियाई बैंक लुटेरे बुश्रृंगेर नेड केली को मेलबर्न में फांसी दी गयी। 1889- वाशिंगटन को अमेरिका का 42वां प्रांत घोषित किया गया। 1930- एल्बर्ट आइंस्टीन को 'आइंस्टीन रेफ्रीजरेटर' के अविष्कार का पेटेंट दिया गया। 1934- ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में युद्ध में सेवाएं देने वालों के सम्मान में 'द श्राइन ऑफ रिमेंबरेंस'खोला गया। 1938- इज़्मत इनोऊ तुर्की के दूसरे राष्ट्रपति बने। 1953- कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में पहली बार 'पोलियो वायरस' की पहचान हुई और उसका चित्र लिया। 1965- प्रधानमंत्री इयान स्मिथ के नेतृत्व में दक्षिणी रोडेशिया ब्रिटेन से अलग होकर रोडेशिया बन गया। 1975- ऑस्ट्रेलिया में एक संवैधानिक संकट के दौरान गवर्नर-जनरल जॉन केर ने प्रधानमंत्री गफव्हिटलाम की सरकार को खारिज कर दिया और संसद को भंग कर दिया। 1982- इजरायल के सैन्य मुख्यालय में गैस विस्फोट में 60 लोगों की मौत हो गयी। 1985- एड्स थीम पर आधारित पहली टीवी फिल्म 'एन अर्ली फ्रोस्ट' अमेरिका में प्रदर्शित की गयी।

नुसरत भरूचा की फिल्म 'छोरी' का पहला टीजर रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरूचा की आने वाली फिल्म 'छोरी' का पहला टीजर रिलीज कर दिया गया है। नुसरत भरूचा की आने वाली फिल्म 'छोरी' का पहला टीजर रिलीज कर दिया गया है। इस बात की जानकारी नुसरत ने सोशल मीडिया पर फिल्म का टीजर फैंस के साथ शेयर कर दी है। टीजर के कैप्शन में नुसरत भरूचा ने लिखा, ÷डर आपका सबसे अच्छा नया दोस्त बनने वाला है। छोरी का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म 26 नवंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर आने के लिए तैयार है।

गौरतलब है कि विशाल फ्यूरिया के निर्देशन में बनी हॉरर फिल्म 'छोरी' में मीता वशिष्ठ, राजेश जैस, सौरभ गोयल जैसे कलाकार भी अहम भूमिका में हैं। इस फिल्म को टी-सीरीज, विक्रम मल्होत्रा और जैक डेविस ने प्रोड्यूस किया है।

उर्वशी ने शेयर किया बीटीएस वीडियो, रमदान भी आए नजर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने सोशल मीडिया पर बीटीएस वीडियो शेयर किया है, जिसे लोग बेहद पसंद कर रहे हैं। उर्वशी रौतेला सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उर्वशी ने सोशल मीडिया पर बीटीएस वीडियो अपलोड किया है, जो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। वीडियो में उर्वशी रौतेला इजिप्ट सुपरस्टार मोहमद रमदान के साथ नजर आ रही है।

उर्वशी रौतेला एक बड़े बजट की सायंस-फिक्शन तमिल फिल्म के साथ अपना तमिल डेब्यू करेंगी, जिसमें वह एक माइक्रोबायोलॉजिस्ट और एक आईआईटीयन की भूमिका निभाएंगी। उर्वशी 'ब्लैक रोज़' के साथ-साथ थिरुतु पायले 2 के हिंदी रीमेक के साथ में दिखाई देंगी। उर्वशी रौतेला जियो स्टूडियो की वेब सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश' में रणदीप हुड्डा के साथ मुख्य भूमिका निभा रही हैं, जो सुपर कॉप अविनाश मिश्रा और पूनम मिश्रा की सच्ची कहानी पर आधारित एक बायोपिक है।

तापसी ने पूरी की शाबाश मिथु की शूटिंग

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू ने अपनी आने वाली फिल्म शाबाश मिथु की शूटिंग पूरी कर ली है।

तापसी पन्नू फिल्म शाबाश मिथु की शूटिंग लंदन में लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में कर रही थीं। यह फिल्म भारतीय क्रिकेटर मिताली राज के जीवन पर आधारित है। तापसी फिल्म में मिताली राज की भूमिका निभाती नजर आएंगी। तापसी ने शाबाश मिथु की शूटिंग पूरी कर ली है।

तापसी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 8 की थी जब किसी ने एक सपना दिखाया था, की एक दिन आएगा जब क्रिकेट सिर्फ जेंटलमैन्स गेम नहीं होगा। हमारी भी एक टीम होगी, एक पहचान होगी ञ÷ ब्लू में महिलाएं ÷आ रहे हैं हम जल्द ही ञ.शाबाश मीतू। यह एक फिल्म रैप है! विश्व कप 2022 के लिए उत्साहित होने के लिए तैयार हो जाओ।

'जोसेफ' के हिंदी रीमेक में काम करेंगे सनी देओल!

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के माचो हीरो सनी देओल मलयालम हिट क्राइम थ्रिलर फिल्म 'जोसेफ' के हिंदी रीमेक में काम करते नजर आ सकते हैं। सनी देओल इन दिनों निर्देशक आर.बाल्की की साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म 'चुप' में काम कर रहे हैं। चर्चा है कि सनी देओल जल्द ही मलयालम हिट क्राइम थ्रिलर फिल्म 'जोसेफ' के हिंदी रीमेक में भी नजर आ सकते हैं। बताया जा रहा है कि

'जोसेफ' के हिंदी रीमेक का निर्देशन एम पद्मकुमार करेंगे, जिन्होंने मूल फिल्म का भी निर्देशन किया था और इसका निर्माण कमल मुकुट करेंगे। फिलहाल फिल्म प्री-प्रोडक्शन चरण में है। कहा जा रहा है कि फिल्म में सनी एक रिटायर्ड पुलिस अफसर का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं।

प्रयाग ने मेगास्टार अजय देवगन को बनाया अपना ब्रांड एंबेसडर

नई दिल्ली/ए.। भारत के प्रमुख फॉसेट एवं सैनिटरी वेयर ब्रांड प्रयाग ने बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन को अपने उत्पादों की पूरी श्रृंखला का ब्रांड एंबेसडर बनाया है। अजय देवगन के साथ यह एसोसिएशन डिजिटल एवं ट्रेडिशनल मीडिया कैंपेन के द्वारा देश के हर कोने में ब्रांड प्रयाग के पहुंच और लोकप्रियता को और आगे बढ़ाएगा। मेगास्टार अजय देवगन के साथ एसोसिएशन की घोषणा के साथ ही प्रयाग ने अपना नया कैंपेन- प्रयाग क्वालिटी बेमिसाल- लिख के ले लो लांच किया है जिसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। गौरतलब है कि एक कुशल और भरोसेमंद अभिनेता अजय देवगन कई दशकों से सिल्वर स्क्रीन पर अपने अभिनय का लोहा मनवा चुके हैं और भारत के साथ ही दुनिया भर में भारतीय प्रवासियों के बीच उनकी जबर्दस्त फैन फॉलोइंग है। प्रयाग के बेहद लोकप्रिय उत्पादों से मेल खाने वाले अपने बहुमुखी व्यक्तित्व के साथ वे भारतीयों के दिलों पर राज कर रहे हैं।

उच्च गुणवत्ता और विश्वसनीय उत्पाद पोर्टफोलियो की अपनी बेजोड़ रेंज के माध्यम से विश्व स्तर पर हर घर और संस्थान के लिए एलिगेंस को परिभाषित करने के लिए प्रतिबद्ध, प्रयाग का लक्ष्य सुपरस्टार अजय देवगन के साथ एसोसिएशन के द्वारा ब्रांड प्रयाग को सफलता की नई उंचाईयों पर पहुंचाना है। इस एसोसिएशन की घोषणा करते हुए श्री नितिन अग्रवाल, सीईओ, प्रयाग ने कहा, हमें फिल्म स्टार अजय देवगन को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करते हुए खुशी हो रही है और यह एसोसिएशन दो प्रतिष्ठित ब्रांडों के एक साथ होने जैसा है। बहुमुखी प्रतिभा और एक खास शैली के लिए विख्यात अजय देवगन जो ब्रांड प्रयाग की तरह ही ईमानदार, विश्वासी और अग्रणी हैं और हर तरह से ब्रांड प्रयाग का प्रतिनिधित्व करने के लिए बिल्कुल उपयुक्त है। ब्रांड और ब्रांड एंबेसडर के बीच ऐसी संपूर्ण समानता मिलना दुर्लभ है। जैसा कि अजय देवगन प्रयाग के सभी गुणों को समाहित करते हैं, यह एसोसिएशन हमें दुनिया भर के उपभोक्ताओं तक पहुंचने में और भी सक्षम बनाएगी।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग, जिला-दुर्ग
उद्घोषणा-पत्र

अ-6/ 2021/22

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अनीख शरीफ पति स्व. अजीमुद्दीन साकिन ग्राम वार्ड 42 कसारीडीह दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 687/93 रकबा 0.0170 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार अजीमुद्दीन शरीफ की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25/11/2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 3/11/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 3/11/2021
पेशी दिनांक 25/11/2021

सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

शेफाली का सीजन का दूसरा अर्धशतक गया बेकार

एडिलेड (वार्ता)। महिला बिग बैश लीग में बुधवार को एडिलेड स्ट्राइकर्स ने सिडनी सिक्सर्स को आठ विकेट से हरा दिया। सिडनी सिक्सर्स ने भारत की शेफ़ाली वर्मा के नाबाद 53 रनों की मदद से निर्धारित 20 ओवरों में 142 रन बनाए थे लेकिन एडिलेड स्ट्राइकर्स ने केटी मैक की नाबाद 67 रन की बदौलत आठ गेंद शेष रहते ही आठ विकेट से जीत हासिल कर ली। स्ट्राइकर्स ने 18.4 ओवर में दो विकेट पर 148 रन बनाकर जीत अपने नाम की।

पहले ही ओवर में डेन वैन नीकर्क का विकेट शून्य पर गंवाने के बाद मैक और लॉरा वुलफ़ार्ट (33) ने एडिलेड की पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 79 रन जोड़े। वुलफ़ार्ट के आउट होने के बाद कप्तान तालिया मैकग्रा (नाबाद 40) ने मैक का भरपूर साथ दिया और नाबाद 64 रन जोड़कर अपनी टीम को जीत दिला दी। सिडनी की ओर से मेटलन ब्राउन सिर्फ़ सफल गेंदबाज़ रहीं।

इससे पहले सिडनी को एलीस पेरी (24) और अलिसा हीली (13) की अनुभवी जोड़ी ने चार ओवर में 29 रन जोड़कर एक सधी हुई शुरुआत दिलाने की कोशिश की। लेकिन इसके बाद डार्सी ब्राउन ने दो विकेट झटककर सिडनी को ज़ोरदार झटके दिए। उन्होंने हीली को कैच आउट कराने के बाद ऐश्ली गार्डनर को शून्य पर बोल्ड किया। पेरी रन आउट हुईं। पावरप्ले के अंतिम ओवर में सिडनी का स्कोर 38 रन पर तीन विकेट था।लेकिन इसके बाद निकोल बोल्टन (34) और शेफ़ाली ने पारी को संभाला और 12 ओवर में 84 रन जोड़े। शेफ़ाली ने 43 गेंदों की 53 रन की पारी के दौरान छह चौके और एक छक्का जड़ा। हालांकि उन्हें इस दौरान दो आसान जीवनदान भी मिले। यह बीबीएल में शेफ़ाली का दूसरा अर्धशतक था, जबकि यह पहली बार था कि वह मध्यक्रम में खेल रही थीं।

दिन के अन्य मुक़ाबले में सोफ़ी डिवाइन के हरफ़नमौला खेल (नाबाद 35 रन और दो विकेट) की बदौलत पर्थ स्क्रॉचर्स ने मेलबर्न स्टार्स को 10 विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में मेलबोर्न नौ विकेट पर सिर्फ़ 97 रन ही बना सका था। जवाब में पर्थ ने इस स्कोर को 10.5 ओवर में बिना विकेट खोए ही हासिल कर लिया। डिवाइन के अलावा बेथ मूनी ने पर्थ के लिए नाबाद 57 रन की शानदार पारी खेली। यह गेंदों के हिसाब से बीबीएल में किसी भी टीम की संयुक्त रूप से दूसरी सबसे बड़ी जीत है।

मारुति ने भारत की सबसे फ्यूल एफिशियंट पेट्रोल कार ऑल न्यू सेलेरियो की लॉन्च

रायपुर/ए.। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएस आईएल) ने आज अपनी बहुप्रतीक्षित काम्पैक्ट हैचबैक - स्टाईलिश ऑल-न्यू सेलेरियो केलॉन्चकी घोषणा की। भारत की सबसे ज्यादा फ्यूल एफिशियंट पेट्रोल कार', ऑल-न्यू सेलेरियो 26.68 किलोमीटर प्रति लीटर'' का बेहतरीन माईलेज देती है। आईडल स्टार्ट-स्टॉप टेक्नॉलॉजी के साथ नैक्स्ट जनरेशन के ड्युअल जेट, ड्युअल वीवीटी के-सीरीज़ के इंजन द्वारा पावर्ड, यह कार ड्राईविंग का बेहतरीन अनुभव प्रदान करती है। अनेक सुरक्षा व स्मार्ट फीचर्स से युक्त एवं दमदार मौजूदगी के साथ, ऑल-न्यू सेलेरियो एक बार फिर से कॉम्पैक्ट हैचबैक सेगमेंट में धूम मचाने के लिए तैयार है। ड्राईविंग के अतुलनीय अनुभव, नए 3डी आर्गेनिक स्कल्पटेड डिज़ाईन, सेगमेंट में प्रथम सुरक्षा व सुविधा की विशेषताओं के साथ, ऑल-न्यू सेलेरियो इस सेगमेंट में गति व ताजगी लेकर आएगी।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक-2 बिलासपुर (छ.ग.)

(झूलेलाल धर्मशाला के बगल में चकरभाठा केम्प जिला-बिलासपुर)
E-mail ID- ee.2bsp@rediffmail.com

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक- 3921/NIT-21/2021-2022/SAC — दिनांक 08.11.2021

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 16.11.2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि 24.11.2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि 25.11.2021 अपरान्ह 11.30 बजे तक

एन.आई. टी. क्र. निविदा	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि एवं बैंक साल्वेंसी (रु.में)
21 T0089	माननीय छ.ग. उच्च न्यायालय परिसर बोदरी बिलासपुर में स्थित महाधिवक्ता कार्यालय भवन में लिफ्ट लगाने का कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	6.81 5108.00 102150.00

नोट :- नियम एवं शर्तें

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-64994/2

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ/स) संभाग क्र.-2
जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा

ई.कोर्ट क्र.-202110101400349
अ-6/2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका क्रेता मालतीदेवी पासवान पति अशोक कुमार पासवान साकिन मरौदा टैंक दुर्गा चौक भिलाई के द्वारा ग्राम उमरपोटी के द्वारा ग्राम उमरपोटी प.ह.नं. 42 रा.नि.मं. उतई तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 602/4 का टु., 622/4 का टु. रकबा 2400 वर्गफीट भूमि विक्रेतागण शिवकुमार पिता स्व. बृजलाल साहू खुद तथा बहैसियत आम मुख्त्यार से रजिस्टर्ड बैनामा 25/10/2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 11/11/2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/10/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

मैं अपने नाम MOHAN DAS S/o CHOTTH RAM RAJWANI को परिवर्तन कर नया नाम MOHAN DAS RAJWANI S/o CHOTTH RAM RAJWANI रख लिया हूं। अब मुझे MOHAN DAM RAJWANI S/o CHOTTH RAM RAJWANI नाम से जाना व पहचाना जावे। पता- 14, Ward No.-10 Gurunank Ward, Tilda Neora, Raipur (C.G.)

MOHAN DAS RAJWANI

नाम परिवर्तन

मैं अपने नाम DILIP KUMAR S/o MOHAN DAS को परिवर्तन कर नया नाम DILIP KUMAR RAJWANI S/o MOHAN DAS RAJWANI रख लिया हूं। अब मुझे DILIP KUMAR RAJWANI S/o MOHAN DAS RAJWANI नाम से जाना व पहचाना जावे। पता- 14, Ward No.-10 Gurunank Ward, Tilda Neora, Raipur (C.G.)

MOHAN DAS RAJWANI

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा

अ-27/2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक वेद मण्डावी आ. रूपेश्वर कुमार साकिन बालोद के द्वारा ग्राम हनोदा तहसील व जिला दुर्ग स्थित खाता क्रमांक ... में दर्ज भूमि खसरा 463/148 रकबा 0.020 हे. भूमि जो कि आवेदक वेद मण्डावी, प्रीति के नाम पर शामिलात रूप से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का पूर्व में हुए आपसी बंटवारा एवं कास्त कब्जा के आधार पर सामान हिस्सों में खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 16/11/2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/10/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.ई.पंजी./202110082200024
अ-6/ 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता आवेदक दिनेश वर्मा पिता श्री असवन वर्मा साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्र. 16 सी भूखंड क्र. 58/1, 59/1 कुल क्षेत्रफल 72.84 वर्गमीटर भूखण्ड नजूल अभिलेख संधारण खसरा में धारक केशरबाई पति भरत सिंह साकिन कवर्धा के नाम पर दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूखंड शीट क्र. 16 सी, भूखण्ड क्र. 58/1, 59/1 कुल क्षेत्रफल 72.84 वर्गमीटर को पंजीकृत बयनामा दिनांक 3.07.2021 के अनुसार धारक से क्रय किए जाने के फलस्वरूप उक्त भूखण्ड को अपने नाम पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 27.11.2021 को नियत की गई है।

अतएव इस नामांतरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 29.11.2021 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 27.10.2021 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 27.10.2021
पेशी दिनांक 29.11.2021

सील — नजूल अधिकारी कबीरधाम

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)

दुर्ग, दिनांक 30.10.2021

(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)

प्रथम आमंत्रण

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदाएं प्रपत्र अ में प्रतिशत दर पर दिनांक 22.11.2021 तक आमंत्रित की जाती है :-

निविदा आमंत्रण सू.क्र./सि.क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (राशि लाख में)
244/86358	मुख्यमंत्री समग सड़क योजना अंतर्गत ग्राम घुघसीडीह में मुख्य मार्ग से प्राथमिक शाला पहुंच मार्ग में सी.सी. रोड लंबाई 800 मीटर निर्माण कार्य	39.20
245/86359	मुख्यमंत्री सुमग सड़क योजना अंतर्गत वि.खं. दुर्ग के ग्राम चिरपोटी गौठन के पास नाली पार में बड़े नहर तक सी.सी. रोड लंबाई 700 मीटर निर्माण कार्य	39.73
246/86361	मुख्यमंत्री समग सड़क योजना अंतर्गत ग्राम मचान्दुर में मुख्य मार्ग से सामुदायिक भवन तक सी.सी. रोड लंबाई 400 मीटर निर्माण कार्य	24.01
247/86362	मुख्यमंत्री सुमग सड़क योजना अंतर्गत ग्राम डुमरडीह में शासकीय प्राथमिक शाला से वार्ड 19 विराट नगर तक सी.सी. रोड लंबाई 655 मीटर निर्माण कार्य	29.04
248/86364	मुख्यमंत्री समग सड़क योजना अंतर्गत नेवई बस्ती रिसाली में सुलभ शौचालय से आंगनबाड़ी, खदान पारा वार्ड नं. 34 तक सी.सी. रोड लंबाई 900 मीटर निर्माण कार्य	43.27
249/86367	मुख्यमंत्री सुमग सड़क योजना अंतर्गत वार्ड 14 टंकी मरोदा में मुख्य मार्ग से हेल्थ सेंटर तक सी.सी. रोड लंबाई 500 मीटर निर्माण कार्य	29.25
250/86586	मुख्यमंत्री सुमग सड़क योजना अंतर्गत कुथरेल में मुख्य मार्ग से पटवारी कार्यालय तक सी.सी. रोड लंबाई 700 मीटर निर्माण कार्य	34.30
251/86370	मुख्यमंत्री सुमग सड़क योजना अंतर्गत घुघसीडीह में गंभीर गोड़ के घर से शमशान घाट तक सी.सी. रोड लंबाई 800 मीटर निर्माण कार्य	39.20
252/86371	मुख्यमंत्री सुमग सड़क योजना अंतर्गत वार्ड 33 नेवई बस्ती से सुलभ शौचालय पहुंच मार्ग में सी.सी. रोड लंबाई 800 मीटर निर्माण कार्य	39.20
253/86374	मुख्यमंत्री सुमग सड़क योजना अंतर्गत ग्राम धनोरा में वार्ड 1 रोहणीपुरम मुख्य मार्ग से प्राइमरी स्कूल पहुंच मार्ग लंबाई 450 मीटर निर्माण कार्य	22.05
254/86376	मुख्यमंत्री सुमग सड़क योजना अंतर्गत ग्राम मचान्दुर में अण्डा पुण्डा मुख्य पहुंच मार्ग से स्टेडियम भवन तक सी.सी. रोड लंबाई 750 मीटर निर्माण कार्य	36.75
255/86379	मुख्यमंत्री सुमग सड़क योजना अंतर्गत वि.खं. दुर्ग के रूआबांधा/रिसाली निगम मुख्य से शासकीय नर्सरी पहुंच मार्ग सी.सी. रोड लंबाई 600 मीटर निर्माण कार्य	28.61
256/86381	मुख्यमंत्री सुमग सड़क योजना अंतर्गत नेवई रिसाली में आंगनबाड़ी से मुख्य मार्ग वार्ड नं. 20 तक सी.सी. रोड लंबाई 800 मीटर निर्माण कार्य	38.46
257/86384	मुख्यमंत्री सुमग सड़क योजना अंतर्गत नेवई बस्ती रिसाली में आंगनबाड़ी से सुलभ शौचालय से आंगनबाड़ी, खदान पारा, वार्ड नं. 34 तक सी.सी. रोड लंबाई 900 मीटर निर्माण कार्य	43.27
258/86385	मुख्यमंत्री सुमग सड़क योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहलाई में बस्ती से शमशान घाट तक पहुंच मार्ग लंबाई 945 मीटर निर्माण कार्य	49.95
259/86388	मुख्यमंत्री सुमग सड़क योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत महमरा में शमशाम घाट पहुंच मार्ग लंबाई 500 मीटर निर्माण कार्य	24.94

टीप :-
1. एनआईटी क्र. 244,245, 246, 247, 248, 249, 250,251, 252, 253, 254, 255, 256, 257, 258 एवं 259 लोक निर्माण दुर्ग संभाग से संबंधित है।
2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनडोल की जा सकती है।
3. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

जी-65002/4

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दूरभाष- 0788-2210876

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

ई.कोर्ट क्र.-202110101200031
अ-6/2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दुष्यन्त पिता/पति हिरदेराम साकिन निकुम मौजा निकुम प.ह.नं. 33 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 851 रकबा 0.78 हे. हिरदेराम के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 07/11/2020 को हो जाने के कारण वारिसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 17/11/2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/10/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 27/10/2021
पेशी दिनांक 17/11/2021

सील — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

अ-6/ 20-21/22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रोहित कुमार पिता कुलेश्वर साकिन ग्राम रानीतराई तहसील व जिला बालोद के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 399/3 का टु. रकबा 1500 वर्गफुट भूमि को विक्रेता राजेश कुमार पिता स्व. पंचराम अन्य 3 निवासी ग्राम बोरसी से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 13/10/21 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25/11/2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/11/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 09/11/2021
पेशी दिनांक 25/11/2021

सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

अ-6/ 2021/22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनीष कुमार पिता रामस्वरूप साकिन ग्राम हरिनगर कातुलबोर्ड तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कातुलबोर्ड तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 12/139 रकबा 0.013 हे. भूमि को विक्रेता राजकुमारी अग्रवाल पति सुभाषचंद्र अग्रवाल निवासी ग्राम आनंद विहार बोरसी से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 21/10/21 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12/11/2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/10/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 22/10/2021
पेशी दिनांक 12/11/2021

सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

अ-6/ 2021/22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष निर्मलकर पिता स्व. धूरसिंह साकिन ग्राम डिपरापारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 600/2 का भाग रकबा 208 वर्गफुट भूमि को विक्रेता श्रीमती सुशीला पति स्व. धूरसिंह अन्य निवासी ग्राम डिपरापारा दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 27/10/21 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 18/11/2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 3/11/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 3/11/2021
पेशी दिनांक 18/11/2021

सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग, जिला-दुर्ग
उद्घोषणा-पत्र

अ-6/ 2021/22

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवरानी गुप्ता पिता/पति स्व. केदारनाथ गुप्ता अन्य साकिन ग्राम कसारीडीह दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 768/372 रकबा 0.012 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार रूखमणी बाई की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 24/11/2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 9/11/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 9/11/2021
पेशी दिनांक 24/11/2021

सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

विधायक छाबड़ा के आगमन पर धौराभाठा में बिखरी छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक की छटा

बेमेतरा (नवप्रदेश)। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत धौराभाठा में आयोजित दिपावली उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य आतिथ्य बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। गांव के पंडालाओ में विराजे माता लक्ष्मी जी पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली कामना की। ग्राम सरपंच पुनाराम साहू सहित युवा महालक्ष्मी समिति के सदस्यों द्वारा विधायक का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस गांव की माटी में फसल कटाई के बाद घर आने पर मातर का भव्य आयोजन करते हैं, मातर के आयोजन से छत्तीसगढ़ की संस्कृति की छटा बिखरती है एक के बाद एक लोक नृत्य की प्रस्तुति में जहां नवोदित प्रतिभाओं ने अपनी कला का परिचय दिया व ग्रामीण भी खूब झूमे।

हमारी छत्तीसगढ़ की संस्कृति है दीपावली त्यौहार के बाद फसल कटाई के पश्चात फसल को जब अपने घर लाते हैं उसकी खुशहाली के रूप में हम अपने गांव में मातर का आयोजन करते हैं ऐसे महोत्सव सामाजिक समरसता के प्रतीक है। गांव में इस प्रकार के कार्यक्रम समरसता के भाव में आयोजित होते रहते हैं चाहे वह धार्मिक सांस्कृतिक व सामाजिक का आयोजन हो रात्रि के सासंकृतिक कार्यक्रम चिन्हारी का भव्य कार्यक्रम रखा गया हैं।

छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति हमारी धरोहर है,छत्तीसगढ़ की पहचान न केवल भारत वर्ष में अपितु विदेशो में भी है, प्रदेश में जब से यसस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बने है तब से प्रदेश की खुशहाली,एकजुटता, विकास हमारी बोली भाखा को आगे बढ़ाने का काम कर रहे है, पूरे विश्व में प्रसिद्ध हमारे भारत की सस्कृति है, देश में हमारे छत्तीसगढ़ की सस्कृति की अलग ही पहचान है।

छत्तीसगढ़ की संस्कृति को संरक्षित करने और सहेजने का काम छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परम्परा को सहेजने का काम छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ यहा के तीज-त्यौहारों में शासकीय अवकाश देने की शुरूआत मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश की कांग्रेस पार्टी की सरकार ने की सांस्कृतिक कार्यक्रम चिन्हारी ममता चंद्राकर का भव्य कार्यक्रम होना है, छत्तीसगढ़ की स्वर कोकीला के नाम से मशहूर ममता चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ी लोक गीतों को देश में अलग पहचान दी, गाये गीत लोगों को इस माटी के संस्कृति से जोड़ती है आज प्रदेश ही नहीं पूरे देश में सुने जाते है

अगर बात करने ग्राम पंचायत धौराभाठा में विकास कार्यों की कबीर भवन निर्माण कार्य 2 लाख, माता शीतला मंदिर के समीप ज्योतिकक्ष निर्माण कार्य 3 लाख, गांव में सी.सी. रोड निर्माण कार्य 4 लाख रुपए सहित नल जल योजना के अंतर्गत पाईप लाईन विस्तार घरों घर नल कनेक्शन हेतु 88 लाख रुपए साथ ही आश्रित ग्राम छीराही में नल जल योजना के पाईप लाईन विस्तार 65 लाख रुपए सहित सुगम सड़क योजना अंतर्गत 20 रुपए की पक्का रोड़ पहुच मार्ग निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली है, धौराभाठा में लगभग 1 करोड़ 73 लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों का निर्माण कार्य चल रहा है।

माँ कर्मा महिला मानस मंडली को नई वाद्य यंत्र मिलने पर चेहरे में आई खुशी

कवर्धा। शहर रामनगर के माँ कर्मा महिला मानस मंडली के सदस्यों के द्वारा 10 नवंबर से 18 नवंबर तक श्रीमद भागवत कथा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। महिला मंडली के सदस्यों ने आज पुलिस आधीक्षक कार्यालय पहुँचकर एसपी श्री मोहित गर्ग से भेंट मुलाकात कर भगवात कथा में शामिल होने श्रीफल भेंट किया। इस दौरान कबीरधाम पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के द्वारा कवर्धा शहर के माँ कर्मा महिला मानस मंडली के सदस्यों को वाद्य यंत्र भी भेंट किया। वाद्य यंत्र मिलने पर महिला मंडली के चेहरे में हर्ष व्यप्त हुवा और एसपी श्री गर्ग का धन्यवाद ज्ञापित किया। उल्लेखनीय है कि लगातार पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग द्वारा मंडली, नृत्य मंडलियों के सदस्यों को पोशाक, वाद्य यंत्र एवं आवश्यक सामग्री वितरण किया जाता है। एसपी द्वारा सुदूर वनांचल, नक्सल प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया जा रहा है और ग्रामीणों की चौपाल की माध्यम से समस्या का निराकरण किया जा रहा है।

विश्व हिन्दू परिषद ने मंत्री का पूतला फूंका, इस्तीफे की मांग

■ **भगवा ध्वज अपमान के दोषियों पर कार्यवाही के माँग को लेकर विश्वहिन्दू परिषद ने किया मो. अकबर का पुतला दहन**

कवर्धा। तीन अक्टूबर को स्थानीय लोहारा नाका चौक में हुए भगवा ध्वज के अपमान करने वाले दोषियों पर कठोर कार्यवाही एवं हिन्दू समाज के लोगो पर बर्बरता पूर्व लाठीचार्ज कर जेल भेजने वाले अधिकारियो को निलंबित कर घटना की न्यायिक जाँच की माँग को लेकर आज पुरे प्रदेश में विश्वहिंदू परिषद ने मंत्री मोहम्मद अकबर का पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया।

इसी तारतम्य में कवर्धा के घड़ी चौक में मंत्री मोहम्मद अकबर का पुतला दहन किया गया । विश्व हिन्दू परिषद के जिला कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश शर्मा ने मंत्री मोहम्मद अकबर पर आरोप लगाते हुए कहा की मंत्री के सह में कवर्धा की घटना को अंजाम दिया गया इसी लिए अब तक भगवा ध्वज का अपमान करने वाले दोषियों पर कार्यवाही नही किया गया है। भगवा ध्वज का जिस समय अपमान हो रहा था उस वक्त कवर्धा टी आई मौके पर मौजूद थे

इससे स्पष्ट पता चलता है पुलिस के उपस्थिति में भगवा ध्वज का अपमान किया गया । पुरे घटना में हिन्दुओ के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की गयी उनपर लाठीचार्ज कराया गया और उन बेकसूर हिन्दुओ को जेल भी भेजा गया। जिस प्रकार पुरे घटना में पुलिस प्रशासन का दुरूपयोग कर कानून का मजाक बनाया गया यह लोकतन्त के साथ सकल हिन्दू समाज का अपमान है । इस अपमान को न्याय मिलने तक हिन्दू समाज कदापि नही भूलेगा ।दोषियों पर कार्यवाही और न्यायिक जाँच जब तक नहीं होता तब तक विरोध प्रदर्शन निरंतर जारी रहेगा मोहम्मद अकबर का कवर्धा हिन्दू समाज बहिष्कार करता रहेगा।

पुतला दहन कार्यक्रम में उपस्थित चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा पुरे घटना के लिए जिम्मेदार मंत्री मो।अकबर को स्वयं नैतिक जवाबदारी लेते हुए मंत्री पद से स्तीफा दे देना चाहिए । हिन्दू समाज के वोट की ताकत से कवर्धा से विधायक बनने वाले मंत्री ने जिले के हिन्दू समाज के भरोषा पर कुठाराघात किया । यदि घटना उनके सह में नही हुआ तो मो अकबर को बताना चाहिए क्यों निर्दोष हिन्दुओ पर लाठीचार्ज कराने वाले कवर्धा पुलिस अधीक्षक, कवर्धा कलेक्टर और पुरे मामले के लिए जिम्मेदार कवर्धा टी आई सोम को निलंबित नही किया गया । क्यों अब तक न्यायिक जाँच नहीं हुआ यह भी जनता और हिन्दू समाज को बताना नही चाहिए आखिर भगवा ध्वज का अपमान करा कर मंत्री जी किसे निचा दिखाना चाहते है। वोट हिन्दुओ का और सरक्षंण दुसरे समुदाय के अपराधियों का कवर्धा में नही चलेगा । विरोध प्रदर्शन और उग्र किया जायेगा जब तक हमे न्याय नही मिलता।

सर्दी-खासी को मौसमी बीमारी समझकर घर ना बैठें, नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर कराएं कोविड जांच

कवर्धा। जिले की जनता की जागरूकता और सहयोग के कारण ही हम जिले में कोविड नियंत्रण करने में सफल रहे। यह एक सुखद स्थिति है कि जिले में 11 अगस्त के बाद लगभग ढाई माह से कोविड केस जीरो रहा, पंडरिया के नजदीकी ग्राम में एक व्यक्ति में कोविड संक्रमण मिला वह उपचार रत है, उसके कांटेक्ट ट्रेक करके हमने जांच किया और अन्य कोई कोविड का प्रकरण नही मिला यह भी अच्छी बात रही। यह स्थिति बनाये रखने में स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन को सदैव जनसहयोग की आवश्यकता रहेगी। आप सबसे अपील है कि कोविड व्यवहारों का पालन अवश्य करें। अन्य जिलों या राज्यों से होकर आने के बाद अनिवार्य रूप से कोविड जांच कराएं। चूंकि मौसम में बदलाव के कारण सर्दी-खांसी और बुखार आम समस्या होती है, लेकिन वर्तमान समय में इन लक्षणों को मौसमी बीमारी मानकर न चलें, बल्कि उपचार के साथ-साथ कोविड जांच भी अवश्य कराएं। समाज को सुरक्षित रखने के लिए सबकी सक्रियता आवश्यक है , कोविड से बचाव के लिए कोविड टीकाकरण भी अवश्य कराएं।

ठाकुर राम वर्मा गांव-गांव पहुंच कर कर रहे मतदाताओं का आभार

■ **अभिवादन स्वीकार कर ले रहे आशीर्वाद**

खरोरा। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज तिल्दा राज के नवनिर्वाचित राजप्रधान सेक्टरवार रूट निर्धारित कर क्षेत्र के गाँवों में पहुँचकर अपने मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त कर रहे हैं । राज के 95 ग्रामों को 18 सेक्टरों में विभाजित कर चुनाव संचालक महेश नायक व प्रचार प्रभारी जीवन ज्योति रक्तदान समिति के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व युवाध्यक्ष अनिल वर्मा के मार्गदर्शन में आभार अभिनन्दन कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई है । इसी तारतम्य में प्रथम दिवस 8 नवम्बर को खरोरा सेक्टर के अंतर्गत खरोरा नगर, पाड़ाभाट तथा मोहरेंगा सेक्टर में मोहरेंगा, भरुवाडीह कला, खुर्द, 9 नवम्बर को पथरी सेक्टर में पथरी, तरेसर, कुरूद, खूड़मुड़ी, मँगसा के स्वजातियों से मिलकर आशीर्वाद लिया।

उल्लेखनीय है कि तिल्दा राज में कुल 16365 मत पड़े जिनमें से 475 निरस्त को छोड़कर 15890 वैध मतों में से 12352 ठाकुर राम, 2041 जितेन्द्र कुमार वर्मा व बृजलाल वर्मा को 1437 मत मिले इस प्रकार ठाकुर राम वर्मा 10,311 मतों के अंतर से विजय हासिल की है ।

महिलाएँ आरती उतार कर कर रहीं स्वागत

ठाकुर राम वर्मा की जीत से युवा, व बुजुर्ग काफी उत्साहपूर्ण माहौल में उनका जोर शोर से अभिनन्दन कर रहे हैं वहीं महिलाएं घर-घर आरती उतारकर, श्रीफल, शाल व भाल पर तिलक लगाकर स्वागत कर रही हैं ।

जनचौपाल के दौरान कलेक्टर ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

बेमेतरा । कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने साप्ताहिक भेंट मुलाकात जनचौपाल कार्यक्रम के दौरान जिलें के दूर-दराज क्षेत्रों से आए ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान नागरिकों ने उनसे मुलाकात कर अपनी समस्याओं एवं मांगों से अवगत कराया। जिलाधीश ने सभी आवेदनों का अवलोकन कर शीघ्र निराकरण करने का भरोसा दिलाया। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों को आवेदनों पर टीप लिखकर समय-सीमा के भीतर निराकरण कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर जनचौपाल में आज विभिन्न विभागों से संबंधित 16 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती लीना मंडावी, एसडीएम बेमेतरा दुर्गेश वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मंगलवार को आयोजित कलेक्टर जनचौपाल के दौरान श्रीमती त्रिवेणी देवांगन ग्राम सरदा ने बेरला स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में अपने बच्चे का दाखिला कराने, नवागढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत इटई के सरपंच माखन लाल वर्मा ने अधूरा कार्य को पूर्ण कराने, ग्राम ढारा पोस्ट बावा मोहतरा के जितेन्द्र बांधे, ग्राम अकोली तह. नांदघाट के रामलोचन सोनवानी ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम सोमईखुर्द के रोहित लाल सोहू ने पशुशेड निर्माण, ग्राम सोमईखुर्द के हुमन लाल ने प्रधानमंत्री फसल बीमा के अन्तर्गत चना फसल का मुआवजा दिलाने, साजा के सेवानिवृत्त पटवारी बलदाउ दास वैष्णव ने लंबित पेंशन का भुगतान किए जाने के संबंध मे आवेदन दिए।

ग्रहमंत्री ताम्रध्वज साहू से मिले आदित्य सिंह

भाटापारा। प्रदेश के गृह एवम लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू से उनके दुर्ग स्थित निवास पर कुराश खिलाड़ियों के लिए आयोजित सम्मान समारोह में आदित्य सिंह ने उनसे मुलाकात की। यह सम्मान समारोह दुर्ग सम्भाग के कुराश खिलाड़ी गण जिन्होंने 20 से 23 अक्टूबर तक आयोजित हुए राज्यस्तरीय शालेय कुराश प्रतियोगिता कसडोल में भाग लेकर दुर्ग सम्भाग को ओवरऑल बनाया था , आदित्य सिंह ने ग्रह मंत्री से भेंटकर छत्तीसगढ़ प्रदेश एसोसिएशन की गतिविधियों से अवगत कराया जिस पर मंत्री ने छत्तीसगढ प्रदेश कुराश एसोसिएशन की गतिविधियों को सराहा तथा उनकी प्रशंसा करते हुए कुराश खिलाड़ियों के अभ्यास हेतु1 सेट मैट छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन को देने की घोषणा की। इस सम्मान समारोह में जितेंद्र साहू महासचिव छतीसगढ प्रदेश कांग्रेस कमेटी , अरुण सिंह सिसोदिया महासचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी , मुकेश चंद्राकर जिला अध्यक्ष भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी भी उपस्थित थे।

किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बनने पर डॉ गोपाल साहू ने दी बधाई

भाटापारा। भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के कद्दावर नेता रामबिलास साहू को छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष बनने पर क्षेत्र के लोगो मे हर्ष व्याप्त है।किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष डॉ गोपाल साहू ने रामबिलास साहू को प्रदेश अध्यक्ष बनने पर उनके निवास कार्यालय पहुँचकर उन्हें बधाई और शुभकामना दी।

दुर्ग हटिया द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट पूजा स्पेशल ट्रेन अब 31 दिसम्बर तक

भाटापारा। रेल यात्रियो की सुविधाओ को ध्यान में रखते हुये रेल प्रशासन के द्वारा दुर्ग -हटिया-दुर्ग के मध्य चल रही 08185 / 08186 हटिया-दुर्ग-हटिया द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट पूजा स्पेशल के परिचालन में विस्तार किया गया हैं। यह गाड़ी दुर्ग से हटिया के लिये प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को दिनांक 05 नवम्बर, 2021 तक 08186 नंबर के साथ चल रही थी जिसका विस्तार दिनांक 30 दिसम्बर, 2021 तक किया गया है । इसी प्रकार विपरीत दिशा मे भी यह ट्रेन हटिया से दुर्ग के लिए प्रत्येक मंगलवार एवं गुरुवार को दिनांक 04 नवम्बर, 2021 तक 08185 नंबर के साथ चल रही थी जिसका विस्तार दिनांक 31 दिसम्बर, 2021 तक किया गया है ।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

सीएम भूपेश ने दिए संकेत- ...

उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट सरकार को सौंपी जानी चाहिए थी। इससे पहले उन्होंने कहा था कि जांच रिपोर्ट गोपनीय दस्तावेज है, इसे कोई बाहर कैसे खोल सकता है। उन्होंने यह भी कहा था कि राज्यपाल आखिर इस रिपोर्ट का क्या करेंगी। इसे आखिरकार सरकार को ही सौंपा जाना है।

राजभवन में कांग्रेस...

प्रक्रिया के तहत आप राज्य के वरिष्ठतम पद पर विराजमान हैं। रिपोर्ट संविधान की अनुच्छेद 166 (2), (3) तहत निर्धारित नियमों के तहत दी जा सकती है, लेकिन समाचार पत्रों के जरिए मिल रही जानकारी के अनुसार, आपने गोपनीय जांच रिपोर्ट पर कानूनी राय लेने की प्रक्रिया प्रारंभ शुरू कर दी है।

आतंकवाद का गढ़...

सभी पक्षों ने उस देश की मौजूदा राजनीतिक स्थिति, आतंकवाद के कारण उभरे खतरों, कट्टरवाद और नशीले पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के साथ-साथ अफगान जनता को मानवीय सहायता की जरूरत पर बल दिया।

बैठक के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों ने एक शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं स्थिर अफगानस्तिान के प्रति मजबूत समर्थन दोहराया। इसके साथ ही संप्रभुता, एकता एवं प्रादेशिक अखंडता का सम्मान करने और आंतरिक मामलों में दखल नहीं देने की बात कही। उन्होंने अफगानस्तिान की सुरक्षा स्थिति में गिरावट के कारण लोगों को होने वाली तकलीफों पर गहरी चिंता जताई। इसके साथ ही इस मीटिंग में कुंदुज़, कंधार एवं काबुल पर आतंकवादी हमलों की भर्त्सना की गई।

नक्सलियों ने अंडरकवर...

एरिया कमेटी के नक्सलियों का हाथ। मौके पर फोर्स रवाना की गई है। जानकारी के लिए यह भी बता दे कि टेटम गांव में सीएएफ जवानों का एक कैम्प बीते वर्ष भर पहले तैनात किया गया था । जिसके बाद इस इलाके में नक्सली घटना और नक्सलियों की चहल कदमी में बहुत हद तक कमी आई थी। मगर एक बार फिर से नक्सलियों ने गोपनीय सैनिक की हत्या कर अपनी मौजूदगी का अहसास करवाते हुये दहशत फैलाने का काम किया है

भविष्य की लड़ाईयों के...

कहा कि सशस्त्र सेनाओं को 'शार्ट नोटिस' पर आपात स्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भविष्य की लड़ाईयों में वायु सेना की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रहने वाली है और इसे देखते हुए वायु सेना को कृत्रिम बौद्धिकता , बिग डाटा हैंडलिंग और मशीन लर्निंग जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के बल पर अपनी क्षमता तथा ताकत को बढाने की जरूरत है।

महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ...

कीमतों को लेकर रिपोर्ट मंगाई गई है। इस दौरान सिंहदेव ने कहा कि सेस के जरिए केंद्र सरकार बड़ी राशि अपने पास रख रही है और उसमें से राज्यों को कुछ नहीं बांट रही है। राज्यों के हिस्से की राशि कम कर केंद्र सरकार अपनी पीठ थपथपा रही है।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग, जिला-दुर्ग
उद्घोषणा-पत्र

अ-6/ 2021/22

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती जामुल साहू पति हरीराम साहू साकिन ग्राम वार्ड 58 रिसाली से. भिलाई दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 840/31 रकबा 0.014 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार हरीराम साहू की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22/11/2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/10/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 30/10/2021
पेशी दिनांक 22/11/2021

सील

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग, जिला-दुर्ग
उद्घोषणा-पत्र

अ-6/ 2021/22

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुरानिक लाल देशमुख पिता स्व. झाडूराम साकिन रिसाली दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की क्रयशुदा भूमि ग्राम रिसाली प.ह.नं. 22 तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि कुल खसरा नं. 705/1 कुल रकबा 0.200 हे. भूमि पर अभिलिखित नाबालिग शब्द को विलोपित कर बालिग दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण विचाराधीन है।

अतः जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या ऊजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 16/11/2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या ऊजर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/11/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

केनरा बैंक Canara Bank — Syndicate

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी दिनांक: 17-12.2021

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है । निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक 17.12.2021 को 12.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक **केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु **"जैसा है जहां है, जो है जैसा है"** एवं **"जो कुछ भी है"** के आधार पर किया जा रहा है ।

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा प्रबंधक का नाम / शाखा का नाम/खाता संख्या व आईएफएससी कोड/ई-मेल
मेसर्स तिरुपति कन्स्ट्रक्शन प्रोप. स्व. श्री रमेश सिंह गारंटर- श्री स्नेहांशु राय	प्लॉट/खसरा नं. 818/7, प.ह.नं. 22, विवेकानंद नगर, मोपका पैट्रोल पम्प, मोपका, बिलासपुर, जिला-बिलासपुर एवं राज्य छत्तीसगढ़- 495006, क्षेत्रफल- 3185 वर्गफिट में स्थित भूमि व भवन । **चौहद्दी: उत्तर**- विक्रेता की भूमि, **दक्षिण**- विक्रेता की भूमि, **पूर्व**- बजरंग की भूमि, **पश्चिम**- निस्तारी सड़क ।	08.04.2021 / 14.10.2021 / ₹ 40,03,758.38 08.11.2021 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि	74,65,000/- / 7,46,500/- / 10,000/-	श्री संजय कुमार केरकेट्टा (मो. 9516009457) बिलासपुर-II (सिंडिकेट) शाखा 7975296000001 CNRB0007975 ई-मेल : dmrobsp@canarabank.com

ई-नीलामी की शर्तें- (1) ई-नीलामी **"जहां है जैसा है एवं जो कुछ भी है"** के आधार पर भार सहित (अगर कोई हो) की जायेगी । बैंक की जानकारी एवं सूचना के अनुसार संपत्ति पर कोई भार नहीं है । भार के विवरण हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता से धरोहर राशि जमा करने के पूर्व सम्पर्क करें । नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट **www.bankeauctions.com** के माध्यम से आन लाईन ई-नीलामी की जावेगी । (2) आरक्षित मूल्य कम की निविदा/आफर स्वीकार नहीं किये जाएंगे । (3) संपत्ति का निरीक्षण सुबह 10.00 से सायं 5.00 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है । (4) इच्छुक निविदाकर्ता धरोहर राशि (EMD) आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत का भुगतान डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से, जो कि प्राधिकृत अधिकारी **केनरा बैंक** के उपरोक्त संबंधित शाखा के पक्ष में देय हो । दिनांक 15.1.2021 को सायं 5.30 बजे तक जमा करें अथवा आन लाईन भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी/फण्ड ट्रांसफर के माध्यम से उपरोक्त वर्णित खातों में किया जा सकता है । (5) सफल खरीददार के पक्ष में विक्रय की पुष्टि सिक्योर्ड क्रेडिटर की पुष्टि के अधीन होगी । (6) ऑन लाईन नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक बोलीकर्ताओं के पास डिजिटल हस्ताक्षर होना आवश्यक है । डिजिटल हस्ताक्षर प्राप्त करने हेतु सर्विस प्रदाता **M/s Canbank Computer Service Ltd. (Contact: 9480691777, 8023469665) E-mail ID: -eauction@ccsl.co.in** पर जिस दिन धरोहर राशि जमा की हो उसी दिन डिजिटल सिग्नेचर प्राप्त करने हेतु सर्विस प्रदाता से संपर्क करें। इच्छुक निविदाकर्ता से अनुरोध किया जाता है कि वे स्वयं को वेब पोर्टल **www.bankeauctions.com** में नाम पंजीकृत करवाए और लॉग इन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें । (7) ईएमडी जमा करने के पश्चात इच्छुक खरीददार को **दिनांक 15.12.2021 को सायं 3.00** बजे या उससे पहले निम्नांकित दस्तावेज अनिवार्य रूप से जमा करना होगा । **अ.** ईएमडी राशि का डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर या यूटीआर नं. अगर भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से किया गया हो तो । **ब.** पेन कार्ड की फोटोकापी/पहचान पत्र एवं पते का प्रमाण पत्र । **स.** इच्छुक खरीददार का नाम, सम्पर्क सूत्र एवं ई-मेल आईडी । **द.** इच्छुक खरीददार के बैंक खाते का पूरा ब्यौरा (नीलामी प्रकिया में असफल होने पर टोकन रकम की वापसी) । (8) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15 दिन के अंदर भुगतान करेंगे । निर्धारित समयावधि में शेष राशि जमा न करने की स्थिति में बोलीकर्ता द्वारा जमा राशि बिना किसी सूचना के जप्त कर ली जावेगी । (9) सफल बोलीकर्ता को स्टाम्प ड्यूटी से संबंधित सभी खर्चे/फीस पंजीयन शुल्क ट्रांसफर शुल्क एवं अन्य तात्कालिक खर्चे इत्यादि वहन करने होंगे । (10) यहां संपत्ति की विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1 प्रतिशत टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी । (11) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा से सम्पर्क करें या ईमेल करें **eauction@ccsl.co.in** अथवा सर्विस प्रदाता **M/s Canbank Computer Service Ltd. (Contact: 9480691777, 8023469665) E-mail ID: -eauction@ccsl.co.in** पर संपर्क करें ।

सूचना- अंतिम मिनिट एवं सेकेण्ड में बिड करने से बचे । केनरा बैंक एवं सेवा प्रदाता किसी बंद/त्रुटि इंटरनेट बंद/लाईट जाने आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे । इन स्थितियों से बचने हेतु एवं आपातकालीन परिस्थितियों हेतु निविदाकर्ता से निवेदन है कि वे सभी आवश्यक प्रबंध/विकल्प अपने पास रखें । जैसे कि बैकअप पावर सप्लाई आदि जिससे वे ई-नीलामी में सफलता पूर्वक भाग ले सकें । (नोटः नीलामी की प्रक्रिया डीआईसी के नियम एवं शर्तों के तहत होगी ।)

विवाद की किसी भी स्थित में अंग्रेजी अखबार 'द टाईम्स ऑफ इंडिया' दिनांक 11.11.2021 रायपुर संस्करण में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा ।

दिनांक : 10.11.2021 — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री ने खैरागढ़ विधायक के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खैरागढ़ पहुंचकर कमल विलास पैलेस में खैरागढ़ विधायक एवं पूर्व सांसद देवव्रत सिंह के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय देवव्रत सिंह के परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना प्रगट की। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय देवव्रत सिंह के निधन से हमने एक अच्छा राजनेता एवं मित्र खो दिया है। उनकी आकस्मिक मृत्यु राजनीति के क्षेत्र में तथा व्यक्तिगत तौर पर भी अपूरणीय क्षति है। इस दौरान गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव डहरिया, अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष दलेश्वर साहू, छत्तीसगढ़ अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम धनेश पाटिला, महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज खान, राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष विवेक वासनिक, जनप्रतिनिधि पीएल पुनिया, पदम कोठारी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, पुलिस अधीक्षक डी श्रवण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रज्ञा मेश्राम, एसडीएम खैरागढ़ लवकेश ध्रुव एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

नगर में काली उत्सव का आयोजन

भटगांव/नवप्रदेश। नगर भटगांव के मानस चौक में काली पूजा उत्सव का आयोजन किया गया है। यह काली पूजा उत्सव पिछले 31 वर्ष ले लगातार चलता आ रहा है। इस काली पूजा उत्सव में माता काली की मूर्ति स्थापना कर नौ दिन तक लगातार पूजा अर्चना किया जाता है। जहाँ पूर्व के समय से ही माँ काली पूजा उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इस काली पूजा उत्सव में नगर तथा आसपास के जसगीत गायकों को निमंत्रण देकर बुलाया जाता है और रात्रि भर जस गीत गायकों के द्वारा माता के जसगीत तथा झांझ मंजीरे एवं मांदर की थाप में पूरा नगर को भक्ति मय वातावरण बना। इस वर्ष भी मां काली पूजा उत्सव कार्यक्रम को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दिनांक 8/11 /2021 सोमवार को मा काली का विसर्जन के लिए नगर भ्रमण कराते मा काली का दर्शन पुजन लोगों के द्वारा मा काली के स्वागत में हर घरो के दरवाजे पर दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धाभाव से पुजा अर्चना कर मा काली का आशिर्वाद प्राप्त किया तो वही मा काली के विसर्जन के दौरान जस गीत झाझ मजीरे की थाप तथा आगे आगे डी जे पर नाचते गाते मा काली का नम भाव से विसर्जन किया गया।

'हमर संस्कृति, हमर विरासत' कार्यक्रम 12 नवम्बर को देवरबीजा में

बेमेतरा/नवप्रदेश। आजादी की 75 वीं वर्षगांठ अमृत महोत्सव के अवसर पर जिले में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 12 नवम्बर को बेरला विकासखण्ड के ग्राम देवरबीजा में ''हमर संस्कृति, हमर विरासत'' के थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

पुलिस भर्ती : दिग्विजय स्टेडियम में प्रशिक्षण शिविर का हो रहा आयोजन

राजनांदगांव। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशानुसार पुलिस भर्ती सूबेदार, उप निरीक्षक एवं प्लाटून कमाण्डर के लिए दिग्विजय स्टेडियम में शारीरिक दक्षता के लिए प्रशिक्षण शिविर लगाया गया है। प्रशिक्षण शिविर 18 अक्टूबर से प्रारंभ किया गया है। जिसमें प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक 100 मीटर दौड़, 1500 मीटर दौड़, गोला फेंक एवं लम्बी कूद का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के प्रभारी एवं स्टेडियम समिति के प्रबंधक रणविजय प्रताप सिंह ने बताया कि शिक्षा विभाग के व्यायाम निरीक्षक राजाराम देवांगन, देवेन्द्र सिंह ठाकुर, श्रीमती सुनिता ओड़मारिया एवं श्रीमती ममता मौर्य द्वारा यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में 40-50 किलोमीटर दूर से भी अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। इस दौरान उन्हें सुबह अंकुरित चना दिया जा रहा है।

महाराष्ट्र से शराब लेकर आ रहा युवक गिरफ्तार

राजनांदगांव। पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र से शराब की तस्करी थम ही नहीं रही है। लगातार गैंदाटोला, छुरिया, बागनदी और चिचोला पुलिस कार्रवाई भी कर रही है। इसके बाद भी तस्करी पर अंकुश नहीं लग पाया है। गैंदाटोला पुलिस ने महाराष्ट्र से शराब तस्करी का एक और मामला पकड़ा हैए जिसमें आरोपित युवक डोंगरगढ़ के ग्राम छपारा निवासी तरूण कुमार कोसा (31) को गिरफ्तार किया है। आरोपित युवक अपनी मोटर साइकिल सीजी 04-एनए 3865 में महाराष्ट्र की ओर से शराब लेकर आ रहा था। इसकी सूचना मिलते ही गैंदाटोला थाना प्रभारी अमृत साहू के नेतृत्व में उनकी टीम ने ग्राम टिपानगढ़ तिराहा के पास रेड कार्रवाई में युवक को गिरफ्तार किया। आरोपित युवक के पास से पुलिस ने प्लास्टिक बोरी में महाराष्ट्र की 48 पौवा देशी शराब बरामद किया है। जिसकी कीमत 2882 रूपये बताई गई है। वहीं आरोपित से मोटर साइकिल भी जब्त किया है। पुलिस ने आरोपित युवक तरूण कुमार कोसा के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। शराब का अवैध परिवहन की शिकायत को लेकर पुलिस लगातार अभियान चला रही है। गैंदाटोला थाना प्रभारी अमृत साहू ने बताया कि महाराष्ट्र की सीमा से सटे क्षेत्रों तक पुलिस की टीम नजर रख रही है। मुखबिरों से भी लगातार जानकारी ले रहे हैं। शराब की अवैध तस्करी जैसी सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है।

हिन्दू समाज के विरुद्ध दर्ज मुकदमा वापस नही हुआ तो होगा कवर्धा थाने का घेराव

■ **मुख्यमंत्री और मोहम्मद अकबर का भाटापारा में जला पुतला**

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रदेश की भूपेश सरकार के द्वारा कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर के इशारे पर हिंदु समाज के उत्पीड़न एवं निरपराध हिंदुओं के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज किए जाने के विरोध में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं भाजपा के बैनर तले क्षेत्रीय विधायक शिवरतन शर्मा के नेतृत्व में नगर के प्रमुख स्थानों एवं वार्डों में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं मोहम्मद अकबर का पुतला दहन किया गया।

इस दौरान प्रमुख स्थानों पर बोलते हुए विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास रहा है कि जब भी वह सत्ता में आती है उसका प्रमुख लक्ष्य हिंदू समाज का उत्पीड़न करना है इसका ताजा उदाहरण कवर्धा में देखने को मिल रहा है एक वर्ग विशेष के वोट पाने की महत्वाकांक्षा की वजह से कवर्धा में निरअपराध हिंदुओं के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज किया किया गया है विधायक शर्मा ने कहा कि अभी तो हम संकेतिक पुतला दहन कर रहे हैं अगर प्रदेश की भूपेश सरकार

हिंदू समाज के खिलाफ दर्ज अपराधिक मुकदमा

वापस नहीं लिया तो अभी तो हम सांकेतिक पुतला दहन कर रहे हैं आगे चलकर हम प्रत्येक शहर एवं गांव में चक्का जाम करेंगे तथा 25000 से 100000 लोगों को लेकर हम कवर्धा थाने का घेराव करेंगे और जितनी ताकत है भूपेश लगा ले हम तब तक नहीं उठेंगे जब तक उन पर दर्ज मुकदमा वापस न लिया जाए विधायक शर्मा ने कहा कि कवर्धा मैं 3 अक्टूबर को परंपरा के अनुसार जब नवयुवक दुर्गेश देवांगन परंपरा के अनुसार भक्त माता चौक पर प्रतिवर्ष अनुसार भगवा ध्वज बदल रहा था तभी वर्ग विशेष के लोग विरोध करने लगे और जब उसने कहा कि आपके हरे रंग का तो हम विरोध नहीं कर रहे हैं इतना कहते ही सो डेढ़ सौ लोगों की भीड़ ने प्रशासन की उपस्थिति में घेर कर उस पर हमला करना शुरू कर दिया और उस पर चाकू से हमला करना शुरू कर दिया और जब दुर्गेश देवांगन अपने साथियों को लेकर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने गए तो उस पर ही मुकदमा दर्ज कर दिया गया और जिन्होंने दुर्गेश पर हमला किया उन पर मोहम्मद अकबर के इशारे पर जमानती धारा लगाई और जब हिंदू समाज ने संगठित होकर इसका विरोध किया तो 80 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया और यही नहीं हमारे प्रदेश के मंत्री विजय शर्मा एवं युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष

कैलाश चंद्रवंशी तथा सुखदेव यादव के खिलाफ पुराने मामले को लेकर धारा 307 एवं विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। विधायक शर्मा ने प्रदेश सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि उसे जनता का जनादेश उसकी सेवा करने के लिए मिला है ना कि उसके मंत्री मोहम्मद अकबर के इशारे पर हिंदू समाज को प्रताड़ित करने का और प्रदेश की जनता आने वाले समय में भूपेश सरकार को करारा जवाब देगी। इस अवसर पर अनेक स्थानों पर हुए पुतला दहन कार्यक्रम में बजरंग दल, विहिप और भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता काफी संख्या में उपस्थित थे।

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा ने इंजीनियरों व ठेकेदारों की लगाई क्लास

■ **अप्रारंभ व छूटे कार्यों के लिये इंजीनियरों को लगाई फटकार**

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा आज नगर पालिका सब इंजीनियरों के साथ ठेकेदारों की क्लास ली। उन्होनें बैठक में इंजीनियरों को दो टूक में कहा कि कार्यो में कोताही, लापरवाही बर्दास्त नही होगी, छूटे व अप्रारंभ कार्यो के लिए नपाध्यक्ष ने बैठक में जमकर फटकार लगाई।

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने आज निर्माण कार्यो को लेकर निकाय के इंजीनियरों व ठेकेदारों की समीक्षा बैठक ली। उन्होनें सभी वार्डो के प्रभार क्षेत्र इंजीनियरों से वार्डो के कार्यो की प्रगति रिपोर्ट मांगा। रिपोर्ट संतुष्टि जनक नही होने के कारण फटकार लगाते हुए कार्यो में गति लाने व छूटे कार्यो पूर्ण कराने व अप्रारंभ कार्यो को प्रारंभ किये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होनें कहा कि जो ठेकेदार कार्य नही कर रहे है उन्हें अंतिम चेतावनी देते हुए

ब्लैक लिस्टेड किये जाने की कार्यवाही शुरू करें।

ठेकेदार होगें ब्लैक लिस्टेड

बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा कड़े शब्दों में कहा कि जो ठेकेदार कार्य नही कर रहे उन्हें कार्य प्रारंभ किये जाने हेतु विधिवत अंतिम सूचना प्रेषित करें व समय-सीमा में कार्य नही करने वाले ठेकेदारों की देयक राशि से नियमानुसार कटौती की जावे। जिन ठेकेदारों को कार्यो को लिए कार्य आदेश दिया गया है बार-बार बोले जाने के बाद भी कार्य प्रारंभ नही कर रहे ऐसे ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रस्तावित करें।

सभी वार्डो में हो रहे कार्य

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने बताया कि सभी वार्डो में लघुमूलक अंतर्गत सीसी रोड, नाली निर्माण व अन्य कार्य कराये जा रहे है मूलभूत लघुमूलक कार्यो को प्राथमिकता से कराया जा रहा है जल्द ही वार्डो में नये कार्य भी प्रारंभ किये जायेगें।

उन्होनें कहा कि जल आवर्धन संबंधी पाईप लाईन बिछाने व टंकी से पानी सप्लाई का कार्य सहित अन्य जल आवर्धन योजना से जुडे महत्तवपूर्ण कार्यो को अविलंब पूर्ण कराये। समय सीमा का विशेष ध्यान रखे, समय-सीमा में कार्य पूर्ण नही होने पर नियमानुसार कार्यवाही किये जाने की बात कही। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश कुमार वर्मा, कार्यपालन अभियंता एम.एल.कुर्रे, उपअभियंता विरेन्द्र नवघरे, अभिषेक श्रीवास्तव, जेठूदास मानिकपुरी, प्रहलाद पाली, चंद्रिका ठाकुर, ठेकेदार वनीत सिंह, आशीष दुबे उपस्थित थे।

10 हज़ार क्विंटल से अधिक उड़ीसा का धान पहुंचा खानापूर्ति कार्यवाही पर सवाल

देवभोग/नवप्रदेश। भूपेश बघेल सरकार की समर्थन मूल्य में धान खरीदी शुरू करने से पहले ही उड़ीसा के अलग-अलग इलाके से हजारों क्विंटल धान आए दिन गांव गांव के बिचौलियों के बीच पहुंच रहा है। झिरिपानी दीवान मुड़ा खोकसरा सेंदमुडा। लिंमपारा अमाड निष्टिगुडा। फूली मुड़ा सुपेबेडा सहित आजू बाजू गांव में रात के अंधेरे का फायदा उठाकर कारोबारी धान पहुंचा रहे हैं। बताया जाता है कि अब तक 15 हज़ार क्विंटल से अधिक धान बिचौलियों के पास आ चुका हैं।

आपको बता दें कि उड़ीसा में धान की डबल फसल निकाला जाता है। मतलब इस क्षेत्र की तुलना कई ज्यादा उत्पादन किया जाता है। इसके अलावा उड़ीसा सरकार द्वारा18 सौ रुपए में धान खरीदीती है। जिसकी राशि लेने में किसानों को काफी लंबा समय इंतजार करना पड़ता है। यही वजह है कि उड़ीसा के किसान बिचौलियों के माध्यम से बॉर्डर के अंतिम गांव में धान को खपा देते हैं। नाम प्रकाशित नहीं करने के एवज में नदी पार के बिचौली ने बताया कि वर्तमान में उड़ीसा से 13 सौ 50 रुपए में धान लाया जा रहा है।

इस धान को पट्टा धारी किसानों के नाम पर उपार्जन केंद्रों में बेचा जाएगा इसके लिए कुछ बिचौलियों द्वारा पहले से पट्टा की जुगाड़ कर लिया है। ताकि सरकार की राजीव गांधी योजना की प्रोत्साहन राशि का बढ़ चढ़कर लाभ लिया जाए। इसके लिए कोचिया अपने अपने खेत और घरों में उड़ीसा की धान रख चुके हैं। जबकि जिन जिन घरों में धान रखा गया है।

बारिश से होने वाली समस्याओं से मिलेगा निजात तालाब किनारे बनेगा सार्वजनिक प्रतीक्षालय

खरोरा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत मोहरा के नैया तालाब किनारे महिलाओं के घाट पर ग्रामीण रुकुम वर्मा पिता परदेशी राम वर्मा द्वारा ग्रामीणों की सहयोग से स्वयं के खर्चे पर तालाब किनारे प्रतीक्षालय का निर्माण किया जाएगा इसके लिए ग्रामीण जनप्रतिनिधियों के द्वारा भूमि पूजन कर खुदाई का कार्य शुभारंभ किया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में होने वाले सुख-दुख की कार्यों में इस तरह की प्रतीक्षालय बहुत ही उपयोगी होते हैं यहां प्रतीक्षालय निर्माण हो जाने से बारिश के दिनों में होने वाले दसगात्र जैसे कार्यक्रमों में बारिश से बचने के लिए बहुत ही उपयोगी होंगे अगर कार्यक्रम के दिन बारिश हुई तो उक्त प्रतीक्षालय सहारे कार्यक्रम सफल बनाया जा सकता है।

भूमिपूजन प्यारे लाल वर्मा राजेश वर्मा उपसरपंच विश्राम वर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव कटारिया प्राणनाथ वर्मा छात्रधारी वर्मा नारायण वर्मा, रुकुम लाल, कार्तिक वर्मा डॉ शत्रुहन, भानु वर्मा किया।

गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू से मिले आदित्य सिंह

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रदेश के गृह एवं लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू से उनके दुर्ग स्थित निवास पर कुराश खिलाड़ियों के लिए आयोजित सम्मान समारोह में आदित्य सिंह ने उनसे मुलाकात की। यह सम्मान समारोह दुर्ग संभाग के कुराश खिलाड़ीगण जिन्होंने 20 से 23 अक्टूबर तक आयोजित हुए राज्य स्तरीय शालेय कुराश प्रतियोगिता कसडोल में भाग लेकर दुर्ग संभाग को ओवरऑल बनाया था। आदित्य सिंह ने ग्रह मंत्री से भेंटकर छत्तीसगढ़ प्रदेश एसोसिएशन की गतिविधियों से अवगत कराया जिस पर मंत्री ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन की गतिविधियों को सराहा तथा उनकी प्रशंसा करते हुए कुराश खिलाड़ियों के अभ्यास हेतु 1 सेट मैट छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन को देने की घोषणा की। इस सम्मान समारोह में जितेंद्र साहू महासचिव छत्तीसगढ प्रदेश कांग्रेस कमेटी, अरुण सिंह सिसोदिया महासचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी, मुकेश चंद्राकर जिला अध्यक्ष भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी भी उपस्थित थे।

प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को पुलिस का लगेगा जनदर्शन

भाटापारा/नवप्रदेश। आमजनों की शिकायतों का त्वरित निराकरण हेतु पुलिस अधीक्षक आई के एलेसेला द्वारा जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को लगाया जा रहा हैं जिसमे जिले के पुलिस अधिकारीओ को उपस्थित रह कर समस्या शिकायत का समाधान करने का निर्देश पुलिस अधीक्षक ने दिया है।

शासन के निर्देशानुसार आम जनों की शिकायत एवं समस्याओं को सुनने तथा उनके त्वरित निराकरण हेतु जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जनदर्शन कार्यक्रम प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के विभिन्न कार्यालयों में आयोजित किया जाएगा। जिसके तहत शुक्रवार को स्वयं पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक यातायात शाखा एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभाकक्ष बलौदाबाजार में लोगों की समस्याओं को सुनने उनका त्वरित निराकरण करने हेतु जनदर्शन मे उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बलौदाबाजार, भाटापारा, बिलाईगढ़ एवं मुख्यालय बलोदाबाजार अपने-अपने कार्यालयों में प्रत्येक सोमवार को प्रातः 11:00 से 02:00 बजे तक जनदर्शन कार्यक्रम मे उपस्थित रहेंगे।

जनदर्शन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनों की समस्या का यथासंभव तत्काल निराकरण कर उनकी सहायता करना है। कई लोग अपनी समस्याओं का निदान हेतु पुलिस तक नहीं पहुंच पाते। इसी प्रकार कई लोग संकोच अथवा अन्य कारणों से अपनी बात पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों तक नहीं पहुंचा पाते। जनदर्शन कार्यक्रम से इन सभी समस्याओं को समाप्त करते हुए पुलिस एवं आमजन के मध्य सीधे संवाद का एक सुगम मार्ग प्रशस्त हुआ है। इसके अलावा यदि कोई व्यक्ति जनदर्शन मे क्षेत्र अंतर्गत किसी प्रकार की अवैध या संदिग्ध गतिविधि की सूचना देना चाहता है तो उसकी पहचान भी गुप्त रखते हुए संबंधित सूचना का जांच तस्दीक कर तत्काल वैधानिक कार्रवाई भी की जावेगा।

मुफ्त वेंटिलेटर सेवा का जरूरतमंद मरीजों को मिल रहा लाभ

शासन की ओर से मंत्री मोहम्मद अकबर के प्रयासों से जिला प्रशासन की मेहनत रंग लाई, जिलेवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के सपने हो रहे साकार

■ **लाखों खर्च करने की मजबूरी खत्म**

कवर्धा/नवप्रदेश। मोर भाई ल अचानक लकवा के अटैक आगे। हमन रायपुर के निजी अस्पताल में 4 दिन में 2 लाख खर्चा कर डरेन फेर हालात में खास सुधार नई होइस, वापस कवर्धा आके जिला अस्पताल में भर्ती कराएन। इंहा भी उहि सब सुविधा मिलत हे ,जेन लाखों खर्ज करके प्राइवेट में मिलत रहीस हे। सरकार जनता के हीत में सोचत हे , हमर दुआ हे शासन अउ जिला प्रशासन, सिविल सर्जन सर सब अइसने सेवा बढ़ावत रहंय।

यह बातें उस भाई और बेटे द्वारा कहे गए हैं, जिनके घर दुखद हालात उस वक्त पैदा हुआ जब घर के मुखिया को पैरालिसिस (लकवा) का अटैक आया और आनन-फानन में मरीज को रायपुर ले जाकर निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। हम बात कर रहे हैं कवर्धा विकासखण्ड के ग्राम महराटोला निवासी 52 वर्षीय रामकुमार कौशिक की, जिन्हें गत महीने लकवा ने अपनी चपेट में ले लिया। इनके पुत्र जितेंद्र कौशिक व भाई रामफल कौशिक इनकी देखरेख कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि निजी अस्पताल में चार दिन भर्ती रखने पर 2 लाख का खर्चा आ गया। मरीज के परिजन उस वक्त राहत महसूस किए जब उन्हें मालूम हुआ कि मरीज को यह सारी सेवा उनके ही गृह जिले कबीरधाम में मुफ्त मुहैया कराई जा सकती है। वे मरीज को 4 नवम्बर को जिला अस्पताल ले आये, यहां भर्ती करके उपचार जारी रखा गया है। हालांकि सिविल सर्जन डॉ प्रभाकर व उनकी

चिकित्सकीय टीम की मानें तो रामकुमार कौशिक की स्थिति पहले से सुधरी है, लेकिन उनकी हालत अब भी नाजुक बनी हुई है।

उल्लेखनीय है कि शासन और जिला प्रशासन ने पहली प्राथमिकता से जिलेवासियों को सेहतमंद रखने के लिए हर सम्भव प्रयास किया है। फिर चाहे बात विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती की हो, चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बढाने के लिए सेकेंड ए एन एम की भर्ती या अन्य स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारी के रिक्त पदों की भर्ती- शासन की ओर से मंत्री मोहम्मद अकबर के विशेष प्रयासों से जिला प्रशासन द्वारा यह सम्भव किया गया। यही नही कोविड काल में जीवनदायी दवाओं व ऑक्सीजन की निर्बाध उपलब्धता बनाये रखना भी कबीरधाम जिले की उपलब्धि मानी जा रही है। इसी तरह बात करें वेंटिलेटर सेवा शुरू करके सेवाओं को निर्बाध रखने की, तो यह प्रयास भी सफल दिख रही है, जिसके परिणाम स्वरूप जिले में कोविड नियंत्रण से लेकर अब जरूरत मंद मरीजों को मुफ्त में यह सेवा मिल रही है।

जिला अस्पताल में 2 वेन्टीलेटर्स के साथ अब आईसीयू बिस्तर बढ़ाने की तैयारी

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीकक्ष डॉ पी सी प्रभाकर ने बताया कि जिला कलेक्टर श्री रमेश कुमार शर्मा द्वारा बैठकों के माध्यम से लगातार जिला अस्पताल में मरीजो के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को बढाने का निर्देश दिया गया है। डॉ प्रभाकर ने कहा कि माननीय जिलाधीश के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल में वेंटिलेटर और ऑक्सीजन प्लान्ट की व्यवस्था के बाद अब आई सी यू में दो बिस्तर बढनाए के लिए कार्य किया जा रहा है। जल्द ही यह कार्य भी पूर्ण कर लिया जाएगा। सीएस डॉ प्रभाकर ने बताया कि जिला अस्पताल में जटिल प्रसव प्रकरणों का सीजर, स्त्री रोग, हड्डी रोग सम्बन्धी जटिल ऑपरेशन, परिवार नियोजन अंतर्गत टीटी व नसबंदी, मोतियाबिंद ऑपरेशन, जटिल दाँत रोगों की तमाम समस्याओं का उपचार कर रहे हैं। राज्य शासन की बेहतर हमर लैब योजना के तहत रक्त परीक्षण की सेवाएं भी अनवरत बढाई जा रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व में जिला अस्पताल में 48 प्रकार के रक्त जांच हो रहे थे, इन्हें बढाकर 69 कर लिया गया है। निकट भविष्य में इसे और बढाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व की अपेक्षा जिला अस्पताल में ओपीडी भी बढ़ी है।

स्वतन्त्र भारत को छोड़ कर विश्व के 145 देशों के नोटों पर है गाय के चित्र

राजनांदगांव/नवप्रदेश। इस रोमांचक तथ्य की जानकारी दी है, छत्तीसगढ़ राज्य के जिला राजनांदगांव में स्थित आदिवासी अंचल ग्राम मोहला के तेज़करण जैन। तेज़करण जैन रिटेल मेडिकल स्टोर का संचालन के साथ-साथ गौवंश पर आधारित विभिन्न प्रकार की सामग्रियों का संकलन भी करते है। 1977 में भारतीय डाकटिकट पर जैन को गाय का चित्र देखने को मिला तब से गौवंश पर संकलन शुरू किया।

तेज़करण जैन के इस अनूठे संकलन में गोवंश चित्रांकित विश्व के 145 देशों एवं राज्यों के 473 भिन्न भिन्न प्रकार के सन् 1858 से 2021 तक के कपड़े, कागज़ एवं पॉलीमर्स करेंसी बैंक नोट एकत्र किये है, जिसमें सभी नोटों पर गौ परिवार का दर्शन होता है।

लिफाफे से लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड तक गौवंश पर केंद्रित संकलन जो कभी लिफ़ाफ़े में कैद था उसको अपने अथक प्रयास से न सिर्फ लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड तक पहुँचाया अपितु इनकी प्रदर्शनियों के माध्यम से गौ करुणा अभियान भी चलाया। जैन का मानना है कि किसी शिक्षित व्यक्ति को समझाना बहुत कठिन होता है किंतु उसके सामने प्रमाणित वस्तुओ को प्रदर्शित किया जाए तो विचारों में परिवर्तन आता है। इसके लिए उन्होंने प्रदर्शनी के माध्यम से 'गौ करुणा अभियान' चलाया। साथ ही इसी धारणा पर भिन्न-भिन्न स्थानों पर प्रदर्शनियां भी आयोजित की।

उपरोक्त सभी सामग्रियों में दर्शकों को गौवंश का दर्शन होता है। गौवंश के प्रति करुणा और उसके धार्मिक, आर्थिक और सांस्कृतिक महत्व को जनमानस के समक्ष लाने हेतु अब तक नेपाल सहित भारत के दस राज्यों छत्तीसगढ़, उड़ीसा, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, पंजाब, राजस्थान, झारखंड, कर्नाटक, उत्तरप्रदेश में अपनी 39 एकल प्रदर्शनियां और 20 प्रस्तुतियां आयोजकों के साथ मिलकर की है।

उनका उद्देश्य है कि गोवंश के प्रति स्वस्फूर्त करुणा भाव जागृत हो, लोग गौशालाओ एवं जीवदया पर कार्यरत संस्थाओं को स्वप्रेरणा से तन-मन-धन से योगदान दे, कृषक गौमूत्र, गोबर से भूमि की उत्पादकता, कीटनाशक निर्माण के साथ-साथ पंचगव्य मनुष्य की आरोग्यता में उपयोगी सिद्ध हो। वर्तमान में हमारी युवा पीढी गाय को दूध देने वाला प्राणी मात्र मानती है। गौवंश के महत्व को ज्ञानवर्धक प्रमाणित तथ्यों के साथ युवाओ के समक्ष लाना, जिससे हमारे संस्कृति और सभ्यता की रक्षा हो सके।

संसार में कुछ कार्य ऐसे होते है जिनके प्रत्यक्ष परिणाम दिखाई नहीं देते किन्तु हम सभी को सामाजिक और राष्ट्रीय कर्तव्य मान कर करना ही चाहिए। जैन ने किसी संस्था, संगठन स्थापित नहीं किया, जो किया अपना नैतिक कर्तव्य मानकर किया। अपनी समस्त सेवाएं निःशुल्क देने के लिए तेज़करण जैन संतों के समक्ष संकल्पबद्ध है।

प्रदर्शनी में गौवंश से जुड़े तथ्य रखे

पहली सेंचुरी से अब तक के एलुमिनियम से लेकर सोने के सुन्दर गोवंश टंकित दुर्लभ, प्राचीन, जनपदों, रियासतकालीन प्रचलित विभिन्न सिक्कों का संग्रह जिसमें गोवंश अंकित है. विश्व के 115 देशों की 1234 डाक सामग्री के माध्यम से 35 विषयों मे लगभग 900 पन्नो का विशाल संकलन जिसमें गौवंश की जन्म से मृत्यु तक की संपूर्ण कहानी. इसके अतिरिक्त अभिलेख पत्र, बैंक चेक, क्रेडिट -डेबिट कार्ड, माचिस की डिब्बियाँ, कलात्मक वस्तुओं, मूर्तियों आदि को भी प्रदर्शित किया जाता हैं।

जनक को प्रदेश अध्यक्ष की कमान से कार्यकर्ताओं में खुशी: देवभोग न्यूज़ ङ्कः बिंद्रा नवागढ़ से विधायक प्रत्याशी रहे जनक राम ध्रुव को कांग्रेश आदिवासी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बनाने पर क्षेत्र के कार्यकर्ता पदाधिकारियों में खुशी की लहर देखने को मिल रहा है। बकायदा गांव गांव मे पटाखे फोड़े जा रहे हैं। सबसे ज्यादा उत्साह नदी पर 36 गांव पर देखने को मिल रहा है। लोग दूरभाष के माध्यम से बधाई संदेश भेज रहे हैं।